ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 34, अंक 139, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 13
11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 14


## टैंकर से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, जिंदा जले ड्राइवर और हेल्पर

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- औरैया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, लगा लंबा जाम

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार दोपहर टैंकर से रगड़कर आगे निकला डंपर डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गया। इस हादसे में क्लीनर व चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस एवं दमकल ने आग पर काबू पाया। देरी से पहुंचने पर यूपीडा एवं डायल 112 के कर्मचारियों से ग्रामीणों की झड़प भी हुई।

अछल्दा मोहम्दाबाद रोड से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दोपहर करीब 3 बजे मैनपुरी से खाली डंपर भिंड जा रहा था। आशा गांव के पास डिवाइडर में लगे पौधों पर पानी डाल रहे टैंकर से डंपर रगड़ गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे डंपर में आग लग गई। आग लगने से हेल्पर भदौरिया (50) निवासी भरौली भिंड मध्यप्रदेश तथा चालक शिष्यपाल उर्फ सोनू (40) निवासी मौरारा भिंड मध्यप्रदेश डंपर की केबिन में फंस गए। कुछ देर में हेल्पर जलते हुए नीचे गिरा तो ग्रामीणों ने कंबल ओढ़ा कर आग बुझा दी, लेकिन चालक जलते केबिन में ही फंसकर रह गया। करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग बुझाकर चालक के शव को बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसे हेल्पर को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसकी भी मौत हो गई। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों की यूपीडा कर्मियों एवं डायल 112 कर्मियों के साथ झड़प हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे सीओ महेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी, थाना प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय, यूपीडा के प्रभारी केएस सिन्हा व कल्लू सिंह ने जाम खुलवाया।

## थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

### सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर


नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

### चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

**मुंबई।** निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।









## राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

### इससे पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर मिल चुकी है धमकी

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

### कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुई थी धमकी, निकली थी शरारत

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।

> इस तरह के थ्रेट के लिए निर्धारित एसओपी के अंतर्गत जांच होती है। अयोध्या एसएसपी मामले को देख रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएगा उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। – **अमरेंद्र सेंगर**, एडीजी, लखनऊ जोन

> अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं।
> –**राज करण नैय्यर**, एसएसपी अयोध्या



## एक नजर

### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

**लखनऊ।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी।

### कॉर्बेट का ढिकाला जोन 14 नवंबर तक बंद

**रामनगर।** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ढिकाला जोन 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। वन अधिकारियों के अनुसार, 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4.32 लाख पर्यटक पहुंचे और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।

## कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर पहुंचा वायुसेना का विमान

कोच्चि, एजेंसी

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के सीएम विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्रवाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है।

पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव। ● एजेंसी

## बांदा और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मैनपुरी में भी कई पर कार्रवाई अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट मुख्यमंत्री ने मांगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय को अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट सौंपे जाने की तैयारी है।

बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूरा न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने और ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने पर चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलंबित किया गया है। मिर्जापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत बिना जांच चार बार अलग-अलग आदेश जारी करने और वाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश पारित करने पर चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित किया गया है। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मो. साजिद, चकबंदीकर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी, एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

### महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी की सेवा समाप्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल की सेवाएं समाप्त कर दी है। उन पर उरई में तैनाती के दौरान 65 लाख रुपये के पेंशन घोटाले के आरोप थे, जांच में दोषी पाए जाने के बाद कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने गबन की राशि के वसूली के भी निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.हरिओम ने बीते 15 मार्च को नोटिस जारी किया, जिसमें तीन माह बीतने पर शंकर लाल को सेवानिवृत्त होना था, यानि 15 जून को शंकर लाल की सेवाएं स्वत: समाप्त हो जाएंगी।

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

## आवास विकास परिषद ने बढ़ाए जमीन के दाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी, आज से लागू
- मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी का प्रस्ताव मंजूर

**अमृत विचार :** आवास एवं विकास परिषद ने बोर्ड बैठक के बाद प्रदेश की सभी योजनाओं की जमीन के दाम बढ़ा दिए हैं। नई कीमतों में 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है, जो आज से लागू हो गई हैं।

मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजा था। जिस पर मुहर लग गई है। नई दरों में 10 से 15 फीसद बढ़ोतरी की गई है। इसमें आवास विकास की सभी योजनाओं की जमीन शामिल है। लखनऊ में 10 फीसद जबकि प्रयागराज, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, बस्ती, झांसी, इटावा, अलीगढ़ आदि जिलों में 10 से 15 फीसद दाम बढ़े हैं। लखनऊ की बात करें तो यहां अवध विहार, वृन्दावन व गोकुल ग्राम बीबी खेड़ा में जमीन खरीदने के लिए पहले और जेब ढीली करनी होगी। गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में इसका जिक्र नहीं किया गया। लेकिन, बैठक के बाद शुक्रवार को यह फरमान जारी कर दिया। इसके लेकर तमाम तरह की चर्चा रही। आवास आयुक्त डॉ बलकार सिंह से संपर्क किया तो फोन नहीं उठा।

## गृहमंत्री ने की जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।

**कल होगी उच्च स्तरीय बैठक**

## सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत, कई लापता

गंगटोक, एजेंसी

- लगातार बारिश के चलते सड़क ढहने से कई पर्यटक फंसे
- तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास के तमाम घर ढहे

सिक्किम का उत्तरी इलाका लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में गया है। बारिश जनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई अन्य लोग लापता हैं।

गुरुवार सुबह से देर रात तक जारी बारिश के चलते भारी तबाही हुई है। सड़क ढहने से कई पर्यटक फंस गए हैं। तिस्ता नदी में जल बढ़ने से आसपास के घर ताश की पत्तों की तरह ढह गए। इस बीच, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव के सारे प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अंबीथांग (रंगरंग के पास) तीन लोग लापता हो गए हैं। पक्षेप (मंगन के पास) दो लोग लापता हो गए हैं, जबकि एक शव बरामद हुआ। इसी तरह से गेयथांग (जंगु) में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नामपथांग (पेंटोक, मंगन के पास) कई घर क्षतिग्रस्त हो गए व सड़क अवरुद्ध हो गई। ब्रिंगबोंग ओपी के पास में दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## सिम के लिए शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं : ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उसने इन सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल या लैंडलाइन नंबर खरीदने के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। ट्राई ने इस महीने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन पर एक परामर्श पत्र जारी किया और सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से टिप्पणियां मांगीं। ट्राई ने कहा कि हमारे ध्यान में आया है कि कुछ मीडिया हाउस ने रिपोर्ट की है कि ट्राई ने मोबाइल और लैंडलाइन नंबरों के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह अटकलें बिल्कुल गलत है।

## सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र-एनटीए से मांगा जवाब

### नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

### खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

### सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।

## एक नजर

### शहरी निकायों में रिक्त पदों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश की 27 नगर पंचायतों और नगर पालिका परिषदों में सदस्यों के रिक्त पदों पर 8 जुलाई को चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह की ओर से जारी अधिसूचना में है कि शनिवार 15 जून को जिला अधिकारी सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे। वहीं, 18 जून रिटर्निंग आफिसर द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी करने की तारीख है। 18 से 22 जून के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 26 जून नामांकन वापसी की आखिरी तारीख है। 27 जून को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 8 जुलाई को मतदान होगा और 10 जुलाई को मतगणना करवा कर परिणाम घोषित किये जाएंगे।

### फर्जी रायल्टी बनाकर क्षति पहुंचाने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ गोरखपुर यूनिट ने फर्जी तरीके से रायल्टी और रवन्ना बनाकर सरकार को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंचाने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ लंबे समय से फर्जी रायल्टी बनाने वाले इस गिरोह की सूचनाएं एकत्रित कर रही थी। निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि विभिन्न सरकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा भवन, सड़कों आदि के निर्माण कार्यों में मोरम, गिट्टी, सीमेंट आदि की आपूर्ति होती है। ऐसे में ट्रकों की ओवरलोड मात्रा को अन्य ट्रकों में समायोजित करके बिल बाउचर आदि बनाने का खेल चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोरखपुर के ही अरविंद सिंह, अमित यादव और मो. आमिर हैं। पूछताछ में बता चला कि यह खेल लंबे समय से चल रहा था।

### दो आईपीएस का स्थानांतरण

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरणकर दिया है । आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को डीआईजी पीएसी कानपुर के साथ आईजी पीएसी प्रयागराज का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। ये तैनाती कुंभ को ध्यान में रखकर की गई है। आईपीएस राहुल राज को डीआईजी रेलवे प्रयागराज बनाया गया है।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने लिया तैयारी का जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 18 को काशी आ रहे मोदी करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। योगी ने वहां पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बाद में सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री सूचना परिसर से साझा की जानकारी के अनुसार, मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी योगी को दी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े मौजूद रहे। तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है।

## वीडियो वायरल होने के बाद बयान से पलटे ओम प्रकाश

**अमृत विचार,लखनऊ:** घोसी में लोकसभा चुनाव हार का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने संबन्धी बयान वाला वीडियो शुक्रवार को वायरल होते ही कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर अपने बयान से पलट गए । सफाई देते हुए शाम को उन्होंने अपने वायरल वीडियो को फर्जी और कूटरचित बताया।

मालूम हो कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, घोसी में हार के कारणों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता ने मोदी-योगी को नकार दिया है।

## तीन और आईएएस केंद्र के लिए इम्पैनल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव का सेवा विस्तार 30 को हो रहा समाप्त

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव की खोजबीन तेज हो गई है। दुर्गा शंकर मिश्र का मुख्य सचिव के रूप में तीसरी बार बढ़ा हुआ सेवा विस्तार 30 जून को समाप्त हो रहा है। मुख्य सचिव बनने की दौड़ में मनोज कुमार सिंह, देवेश चतुर्वेदी, एसपी गोयल सहित कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं।इस बीच उप्र. के तीन और आईएएस अफसर केंद्र के लिए इम्पैनल किए गए।

इन सभी को राज्य सरकार की सहमति के बाद केंद्र में तैनाती दी जाएगी। इनमें 2008 बैच के आईएएस के विजेयन्द्र पांडियन, अनिल ढींगरा और कुमार रविकांत सिंह शामिल हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति देवेश चतुर्वेदी को से केंद्र के लिए एनओसी दे दी है। दोनों अधिकारी केन्द्र सरकार के सचिव पद के लिए पहले से इम्पैनल्ड हैं। ऐसे में मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव बनने वाले आईएएस की रेस में आगे हैं।

# खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम समेत कई अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

## राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाही पर मुख्यमंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वालों की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सरकारी कामकाज में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने कई विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची बनाने के निर्देश दिये थे। बैठक में योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### महोबा, चित्रकूट और मुजफ्फरनगर फिसड्डी

राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बीते दिनों बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

### नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ और प्रयागराज पीछे

बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं।

# थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों में बदलाव शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गृह विभाग ने शुरू की प्रक्रिया कई जिलों की जारी हुई सूची

▸▸ थानों को क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत कराया जाएगा

**अमृत विचार:** कानून-व्यवस्था के सुधार के क्रम में गृह विभाग ने थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों में संसोधन करना शुरू कर दिया है। सीमाओं को देखते हुए कुछ राजस्व ग्रामों के थानों में बदलाव भी किया जाएगा, जिससे आम नागरिक को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है।

गृह विभाग ने जिला पुलिस एवं प्रशासन को थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों की सूची जारी करना शुरू कर दिया है। अमरोहा, झांसी, अमेठी, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, बागपत आदि जिलों की जारी की गई सूची में थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों को अंकित किया गया है। नए सिरे से जारी की गई सूची में थानेदारों को उनके सीमा क्षेत्र से जुड़े राजस्व ग्रामों की जानकारी मिल जाएगी। फिलहाल अभी पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही नियंत्रण किया जा रहा है। नई सूची जिलों में पहुंचने के बाद जिला स्तर पर ही थानों को उनके क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत करा दिया जाएगा। उधर, विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है। उक्त तीनों थानों का क्षेत्राधिकार पूरा जिला होगा।

बताते चलें कि लंबे समय थानों के सीमा क्षेत्रों में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके लिए से प्रस्ताव भी भेजे गए थे। गृह विभाग ने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में परिवर्तन करने की न सिर्फ प्रक्रिया शुरू की बल्कि कई जिलों में संसोधन के साथ सूचि भी जारी कर दी।

## मानसून के पहले ही बाढ़ से फसलों के बचाव की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. में फिलहाल हीटवेव का प्रकोप है और जल्द ही मानसून भी सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में, फसलों के उचित रखरखाव, बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की नजर से राज्य के 27 अति संवेदनशील, 13 संवेदनशील और 35 सामान्य जिलों में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप से मिले इनपुट के आधार पर एडवायजरी जारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार मौसमी प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए पहले ही एडवायजरी जारी हो चुकी है। वहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसमें केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर और आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।





विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों के साथ सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

## 13 विधान परिषद सदस्यों ने ली शपथ

**अमृत विचार,लखनऊ:** राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों ने विधान शपथ ले ली है। प्रमुख सचिव विधान परिषद उप्र. डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने बीते दिनों निर्वाचित 13 सदस्यों को विधानभवन तिलक हाल में शुक्रवार को शपथ दिलवायी।

इन सदस्यों में अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी और विच्छे लाल राम शामिल हैं। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और सपा के 3 सदस्य शामिल थे।

## एकेटीयू में छात्रों की होगी फेशियल बायोमेट्रिक अटेंडेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कक्षाओं के साथ परीक्षाओं की होगी लाइव निगरानी

**अमृत विचार:** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था(एजुकेशनल फ्रेमवर्क) का उच्चीकृत करने के क्रम में इसे अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जाना है। शुरुआत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय(एकेटीयू) से की जा रही है, यहां पर अब छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक नहीं, बल्कि उनके फेशियल बायोमेट्रिक से लगेगी। साथ ही, आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं भी लाइव सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करायी जाएंगी।

उप्र. डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) द्वारा एकेटीयू में नई तकनीक फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित की है। इसमें छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड नंबर, चेहरा, आंखों की पुतली तथा हाथ के इंप्रेशंस के साथ कई अन्य अहम जानकारियों को संकलित किया जाएगा। ताकि किसी भी स्थिति में छात्र या कर्मी को चिह्नित किया जा सकेगा। इस डाटा से मास्टर डाटा तैयार किया जाएगा। साफ्टवेयर के माध्यम से इस मास्टर डाटा का मिलान विश्वविद्यालय में कक्षाओं में उपस्तिथ छात्रा-छात्राओं से किया जाएगा, पता चलेगा कि संबंधित छात्र-छात्राएं कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होते हैं या नहीं।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित करने के लिए यूपीडेस्को द्वारा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर कंपनियां चुनी जाएंगी। जिन्हें कार्य आवंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा छात्र व कर्मियों के बायोमेट्रिक का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलान करने योग्य बनाने आदि कार्य पूर्ण करने होंगे।

## सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति में प्रदेश नम्बर एक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट और खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पुहंची

**अमृत विचार:** प्रमुख सचिव (ऊर्जा) नरेन्द्र भूषण ने शुक्रवार को उप्र. की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंसिंग से प्रबन्ध निदेशक से लेकर अधिशासी अभियन्ताओं तक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में उप्र. के नम्बर एक बनने पर बधाई दी और इतनी भीषण गर्मी में भी निरन्तर काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि पहली बार राज्य में विद्युत की पीक डिमाण्ड 30618 मेगावाट तक और विद्युत खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस समय सभी क्षेत्रों को हर पल विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। अंतिम उपभोक्ता के छोर तक विद्युत पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाये। जहां कहीं ओवर लोडिंग या स्थानीय स्तर पर कोई समस्या है तो उसे तत्काल समाप्त किया जाये। जिन स्थानों पर भविष्य में औवर लोडिंग की संभावना हो उसके लिये भी कार्य योजना और रणनीति बना ली जाये। विद्युत व्यवधानों को तत्काल ठीक कराया जाये।

### जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें

प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि विद्युत अधिकारी जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें और उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। फोन उठायें और कॉल बैक भी करें। शाम को व रात में अधिक विद्युत व्यवधान वाले क्षेत्रों में आवश्यकता के मुताबिक निर्धारित समय के लिए अतिरिक्त मैन पावर की तैनाती की जाये। वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें और वर्तमान में चल रही भीषण गर्मी के मद्देनजर रात्रि में उपकेन्द्रों का भी दौरा करें।

# खुले मैनहोल पर सरकार सख्त, 24 घंटे में ढकने के डीएम को निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** खुले मैनहोल या डक्ट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से एसओपी जारी करते हुए सभी निकायों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी डीएम को निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुले मैनहोल व डक्ट को 24 घंटे में ढकवाने को निर्देशित किया है। स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से यह एसओपी सभी डीएम को शीर्ष प्राथमिकता के तहत जारी कर दी गई है और आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। एसओपी का पालन न करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि जारी एसओपी के अनुसार, मैनहोल एवं डक्ट के खुले होने संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा हर जोन में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में सहायक अभियंता, अवर अभियंता जलकल सदस्य-सचिव होंगे, जबकि जोनल सेक्रेट्री ऑफिसर सदस्य होंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत स्तर पर डीएम द्वारा तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जिसके अध्यक्ष प्रभारी स्थानीय निकाय होंगे, जबकि अधिशासी अधिकारी सदस्य सचिव और सहायक अभियंता, अवर अभियंता सदस्य होंगे। इन समितियों द्वारा साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण किया जाएगा और यदि निरीक्षण के दौरान मैनहोल अथवा डक्ट खुला पाया जाता है तो अधिकतम 24 घंटे के अंदर मैनहोल एवं डक्ट का ढके जाने की कवायद की जाएगी। तकनीकी समिति द्वारा जब तक मैनहोल को ढक नहीं दिया जाता तब तक वहां पर किसी कार्मिक को लाल झंडे के साथ तैनात किया जाएगा।

### इस कारण दिखाई गंभीरता

23 अप्रैल को लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 10 में खुले मैनहोल में गिरने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने चिंता जताई है और गंभीरता से इसके उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

### इस तरह बनाई गई है गाइडलाइन

- सीवर की सफाई होने के बाद मैनहोल को अधिकतम 12 घंटे के अंदर ढका जाए पर्याप्त मात्रा में मैनहोल कवर का भंडारण किया जाए
- किसी वजह से मैनहोल कवर न हों तो बीआरसी वेल्डेड फैब्रिक या वायर नेट वाले डमी कवर का उपयोग हो
- वाहनों को दुर्घटना से बचाने के लिए झाड़ियों, सूचना बोर्ड व रात में प्रकाश व लाइट रेफलेक्टर का प्रयोग हो
- सीवर सफाई के दौरान चिंगारी पैदा करने वाले उपकरणों के प्रयोग प्रतिबंधित हैं।

### हेल्पलाइन नंबर करें शिकायत

इस तरह की समस्याओं के लिए केन्द्र सरकार का हेल्पलाइन नंबर 14420 है, जबकि राज्य सरकार का हेल्पलाइन नंबर 1533 है। इसे डायल करने पर स्थानीय जिले में कॉल रिसीव की जाएगी, जहां पर शिकायत की जा सकती है।

## अजय सिपाही गिरोह का सदस्य रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हत्या के प्रयास के मामले में घोषित था 25 हजार का इनाम

**अमृत विचार:** अंबेडकरनगर के माफिया अजय सिपाही गैंग का सदस्य शुक्रवार को राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्कर्ष सिंह निवासी कादीपुर सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर के गैंगस्टर अजय सिपाही गैंग का सदस्य है। 05 अप्रैल को एक ढाबे पर खाना खाते समय अनुपम सिंह नामक व्यक्ति से उत्कर्ष झगड़ा हो गया था।

इस झगड़े के बाद समझौते की बात हुई तो दोनों पक्ष अगले दिन एकत्रित हुए। समझौते के दौरान उत्कर्ष सिंह ने अविनाश सिंह उर्फ शुभम पर फायर कर दिया। हालांकि इस हमले में अविनाश बाल-बाल बच गया। मामला कादीपुर थाने में दर्ज हुआ था।

तभी से एसटीएफ उत्कर्ष सिंह की तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा उत्कर्ष को लेकर सूचनाओं का संकलन कर रहे थे। शुक्रवार को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक शिवकुमार अवस्थी आदि बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे और वहीं पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सफलता | पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी, कई प्रदेश छोड़कर भागे

# पुराने रूप में आई पुलिस, दो हफ्ते में तीन ढेर, 16 घायल

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुनाव समाप्त होते ही उप्र पुलिस फिर पुराने रूप में आ गई है। पुलिस ने माफिया का सफाया करना शुरू कर दिया है। विगत दो हफ्ते में पुलिस ने तीन बड़े अपराधियों को ढेर कर दिया, जबकि एक दर्जन अपराधी पुलिस की गोलियों से घायल हैं। 50 से अधिक अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की माने तो अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाइ होने वाली है।

पहली कार्रवाई 10 जून को हुई। मथुरा पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी मनोज को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस लंबे समय से मनोज की तलाश कर रही थी। वहीं दूसरी कार्रवाई 4 जून को हुई।

जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी प्रशांत सिंह को पुलिस ने जौनपुर में तलाश कर खेतासराय थाना क्षेत्र में ढेर कर दिया। तो वहीं दो दिन बाद 6 जून को एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए बिहार के दो लाख के इनामी अपराधी नीलेश राय को उप्र. के मुजफ्फरनगर में एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।

### चल रहा है इलाज

उप्र. पुलिस की एसटीएफ और उप्र. पुलिस की मुठभेड़ में जहां तीन अपराधी मारे गए वहीं 16 अपराधी पुलिस की गोली से घायल भी हुए हैं। घायल अपराधियों का अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। यह कार्रवाई एक पखवाड़े के भीतर हुई है। पुलिस अपराधियों के पीछे इस कदर पड़ गई है कि कई अपराधियों से प्रदेश छोड़ दिया है।

### गिरफ्तारियां भी कर रही एसटीएफ

- **12 जून**– अंबेडकरनगर निवासी हिस्ट्रीशीटर शैलेद्र सिंह उर्फ बबलू (25 हजार का इनामी) को ईशीपुर पुल अंडर पास चांदा सुल्तानपुर में गिरफ्तार किया गया।
- **11 जून**– 16 वर्षों से पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्यारोपी हरैया बस्ती निवासी सुरेश मिश्रा (25 हजार का इनामी) को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया
- **08 जून**– हैदरगंज अयोध्या निवासी आदित्य प्रताप सिंह (25 हजार का इनामी) को अयोध्या में गिरफ्तार किया गया।
- **06 जून**– पटना बिहार निवासी राजकुमार पांडेय (50 हजार का इनामी) को बुद्धाकालोनी पटना से गिरफ्तार किया गया।
- **02 जून**– देवसरा प्रतापगढ़ निवासी रमेश यादव (25 हजार का इनामी) को कोतवाली सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया गया
- **01 जून**– गाजियाबाद का कुख्यात अपराधी, अयोध्या देवकाली निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह (50 हजार का इनामी) को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया गया।

## अवैध रूप से रह रही चीनी महिला की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से चला रहे थे होटल और क्लब

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इलाहाबाद सब-जोनल कार्यालय की टीम ने भारत में अवैध रूप से रह रही चीनी नागरिक जू फेई एवं अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धन शोधन निवारण अधिनयम के तहत 13.58 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आईपीसी-1860, विदेशी अधिनियम-1946 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराधों के लिए एसटीएफ गौतम बुद्ध नगर द्वारा दायर एफआईआर और उसके बाद दायर आरोप पत्रों के आधार पर जांच शुरू की थी।

प्रवर्तन निदेशालय की जांच में पता चला कि चीनी नागरिक जू फेई अवैध रूप से भारत में रह रही थी। चीनी नागरिक जू फेई, रवि नटवरलाल ठक्कर और अन्य के साथ मिलकर चीनी नागरिकों के लिए एनसीआर क्षेत्रों में अवैध होटलों और क्लबों को चला रहे थे। यह क्लब उन लोगों के लिए थे जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते थे और यहां रहते थे। उन्होंने एक-दूसरे की मिलीभगत से डमी निदेशकों वाली कई कागजी कंपनियां खोलीं और इनसे ऋण ऐप संचालित ब्लैकमेलिंग कर रहे थे।

आज का मौसम

लू के साथ गर्मी से निजात नही मिलेगी

45.0° अधिकतम तापमान | 33.0° न्यूनतम तापमान

# गोवंश की बेहतरी के लिए निरंतर करें कार्य : जिलाधिकारी

## डीएम हर्षिता माथुर ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का औचक निरीक्षण किया, व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से ली जानकारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गायों के खानपान, चारे आदि व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा अनिल कुमार से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि ग्रीष्म ऋतु व हीट वेव से बचाव के लिए सभी गौशाला केन्द्रों पर पर्दे व छायादार वृक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए। कहा कि गौवंश को बीमारियों आदि से बचाव के इसलिए समय-समय पर गोवंशो की चिकित्सकीय जांच की जाए। गोवंशों के खान-पान चारा आदि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये और गौवंशों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किये जाये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निरीक्षण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, पंचनामा आदि रजिस्टरों का अवलोकन भी किया तथा सम्बन्धित अधिकारी से निरीक्षण आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कस्बों में जो आवारा गौवंश मिले, उन्हें गौशालाओं में पहुंचा कर उसका संरक्षण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। इसके लिए लोगों को भूसा दान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। गोवंशों की चिकित्सा एवं भरण पोषण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर डीएम ने संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम के निरीक्षण के समय कान्हा गोवंश बिहार में 514 गोवंश संरक्षित पाये गये। जिसमें 267 नर व 247 मादा गोवंश थे। सभी गोवंशों में ईयर टैगिंग पायी गयी। भूसा गोदाम में लगभग 450 कुन्तल भूसा व 316 किग्रा. चूनी चोकर संरक्षित पाया गया। निरीक्षण के समय 3 गोवंश बीमार अवस्था में पाये गये जिनकी चिकित्सा की जा रही थी। विहार में पानी की नाद एवं सबमर्सिबल भी लगा हुआ मिला।



कान्हा गोवंश विहार गौशाला का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

# डीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर लिया स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा, दिए दिशा निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य, साफ-सफाई की अव्यवस्थाओं पर सुर्खियां बटोरने वाले जिला चिकित्सालय का डीएम हर्षिता माथुर ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। वार्डों में भर्ती मरीजों से बुलाने पर स्वास्थ्य कर्मी व डॉक्टर के समय पे आने की बात पूछी। डीएम ने मरीजों से पूछा आपका अच्छा इलाज हो रहा है, कोई बाथरूम में दिक्कत या परेशानी तो नहीं हो रही। इसी तरह से डीएम ने वार्ड नंबर-2 व 3 व अन्य परिसर का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य और साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डों में बेड पर चिपचिपाहट जैसी गंदगी को अपने हाथ से चेक किया और स्वास्थ्य कर्मियों से सेनेटाइजर से छिड़काव कराकर बेड की साफ-सफाई कराया। इसी तरह भर्ती मरीजों से भी उनके इलाज के बारे पूछा और कहा यहां पर बराबर पंखे चलते हैं कोई इलाज में परेशानी तो नहीं हो रही है। इस दौरान उन्होंने मरीजों से यह भी पूछा कि शौचालय कहां है, बराबर साफ रहता है, मतलब बाथरूम को इस्तेमाल कर सकते हो। इसके अलावां दूसरी महिला मरीज से पूछा अस्पताल से खाने में खिचड़ी मिली है तो उसका उत्तर न आया। इस पर उन्होंने सीएमएस की ओर इशारा किया और आगे बढ़ गई। इस दौरान डीएम हर्षिता माथुर ने सीएमएस को अस्पताल की साफ-सफाई व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य उपचार करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य, डा. अल्ताफ हुसैन व अन्य स्वाथ्य कर्मी मौजूद रहे।



जिला अस्पताल में भर्ती महिला मरीज से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

## एक नजर

### बाल कलाकार ने पेंसिल से बनाई राहुल गांधी की तस्वीर



**ऊंचाहार, रायबरेली।** कला हुनर की कोई आयु सीमा नही होती, जी हां 10 वर्षीय कक्षा 6 के छात्र ने रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी की तस्वीर को पेंसिल से बनाकर अपनी जबरजस्त कला का प्रदर्शन किया है। यह तस्वीर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस छात्र को लोगों ने उसकी कला की जमकर सराहना की। पेशे से चिकित्सक जो ऊंचाहार में निजी क्लीनिक चलाने वाले डा दीपक त्रिपाठी के 10 वर्षीय पुत्र अंबिकेश त्रिपाठी जो वर्तमान में ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन प्रयागराज में शिक्षारत है। उसने रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी को निर्वाचन पर बधाई देने का एक नया तरीका अपनाया व पेंसिल से उनकी तस्वीर को बनाकर उस तस्वीर को पोस्ट से सांसद राहुल गांधी को दिल्ली भेजा। इससे पूर्व भी इस बाल कलाकार द्वारा तमाम महापुरुषों एवं भगवान की चित्र बनाकर तमाम सुर्खियां बटोर चुके हैं। इतनी कम उम्र में पेंटिंग की कला किसी गार्ड गिफ्ट से कम नहीं है।

### रंगे हाथ पकड़े गये वन माफिया, भेजा जेल

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** नीम के हरे पेड़ काट रहे दो लकड़हारों को पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन रक्षक आशीष व पुलिस की संयुक्त टीम गुलालपुर गांव पहुंची, जहां गुलालपुर गांव के रज्जन पुत्र रामविलास तथा छतौना (भोजपुर) के अशोक कुमार पुत्र मोहनलाल मिलकर नीम का हरा पेड़ कटा रहे थे। कुल पांच नीम के पेड़ कटे पड़े थे। जबकि ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ियां ढोई जा रही थीं। पुलिस ने हाइड्रा व ट्रैक्टर ट्राली को भी बरामद कर लिया है। दोनों लकड़हारों को संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया है।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे जीत मजरे हरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। कुसुम सिंह अपनी जगह पर टीनशेड बना रही थी, तभी गांव के ही उपेंद्र सिंह ने विरोध किया और गाली-गलौज करना शुरू कर दिया जिसके कारण दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष से कुसुम सिंह व जितेंद्र सिंह घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष से उपेंद्र सिंह व विद्या देवी घायल हुई हैं। मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

### भवन निर्माण करते गिरा राजगीर, गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** भवन निर्माण का काम करते समय राजगीर ऊंचाई से निचे गिरकर घायल हो गया। उसके बाद वह किसी तरह घर पहुंचा, जहां से परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।क्षेत्र के गांव पूरे निरही मजरे हटवा निवासी जगदेव का बेटा धर्मेंद्र कुमार राजगीर का काम करता है। यह काम करने के लिए प्रयागराज गया हुआ था। वहां भवन निर्माण करते समय यह ऊंचाई से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रयागराज में प्राथमिक उपचार के बाद साथी मजदूरों ने उसे उसके घर भेज दिया। घर पहुंचने पर परिजन उसको लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि उसकी गंभीर दशा को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# उल्टी-दस्त से किशोरी की मौत

संवाददाता, डलमऊ

हड़कंप

**▸▸ एक दर्जन से अधिक लोगों के बीमार होने पर गांव पहुंचीं स्वास्थ्य टीम**

**रायबरेली,अमृत विचार।** डलमऊ क्षेत्र के एक गांव में उल्टी दस्त से एक दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गये। दो दिन पूर्व उल्टी दस्त से एक किशोरी की मौत हो जाने से स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल गांव स्वास्थ्य टीम भेजा है। स्वास्थ्य टीम प्रतिदिन गांव पहुंच कर बीमार पड़े लोगों का उपचार कर रही है। यही नहीं लोगों के बीमार होने से गांव में साफ-सफाई का काम भी तेजी से शुरू करा दिया गया है।

विकासखंड डलमऊ क्षेत्र के पूरे जुड़ावन सिंह मजरे सुरसना ग्राम निवासी अमरनाथ की 16 वर्षीय भांजी मानसी की 2 दिन पूर्व उल्टी दस्त से मौत हो गई थी। इसके बाद मृतका के मामा अमरनाथ, मामी कल्पना और 5 वर्षीय ममेरी बहन वर्षिका के साथ गांव के अंजू, महिमा, राजपति निर्मल, सोनी, उर्मिला, गीता, लता, संगीता आदि ग्रामीण उल्टी दस्त से पीड़ित है। जिनमें से अमरनाथ, कल्पना, वर्षिका का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि जानकारी होने पर स्वास्थ्य टीम भेजी गई है और प्रतिदिन स्वास्थ्य टीम गांव जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया जा रहा है।

विकासखंड डलमऊ के उपरोक्त गांव में लोगों के बीमार हो जाने से सफाई कर्मियों ने गांव में साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। गांव से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित मुर्गी पालन केंद्र जहां से इस भीषण गर्मी में दूषित वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि मुर्गी फार्म से उत्पन्न समस्याओं से निजात पाने के लिए डलमऊ कोतवाली में शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, दोषियों के विरुद्ध काईवाई की मांग

संवाददाता, खीरों

कोहराम

**▸▸ दरवाजे पर शव रखकर अंतिम संस्कार करने से किया मना**

**रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव बेहटा सातनपुर निवासी एक युवक का उसके भाई से विवाद होने के बाद बुधवार को देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में नासिक में उसकी मौत हो गई।

शुक्रवार को शव घर पहुंचने पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव का अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया। मृतक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। खीरों पुलिस घटना की जांच कर रही है।

बेहटा सातनपुर निवासी मृतक चन्दन पासवान (40) पुत्र गयाप्रसाद पासवान की पत्नी मिथिलेश पासवान ने बताया कि मेरा पति चन्दन पासवान अपने भाई लल्लन पासवान के साथ नासिक में सैटरिंग का काम करता था। विगत बुधवार को दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में गम्भीर हालत में चन्दन पासवान के साथी उसे इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसने सीने में दर्द बताया और शरीर में कुछ चोट के निशान भी थे। उक्त निजी अस्पताल से उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए नासिक के सिविल अस्पताल भेज दिया। जहां बुधवार को ही देर रात चन्दन की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचने पर परिजनों और मृतक की पत्नी मिथिलेश ने शव का अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया और मृतक चन्दन के भाई लल्लन पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। एसपी के आदेश पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव दरवाजे रखा हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस घटना से मृतक की पत्नी मिथिलेश, बेटी आशमी, बेटे आर्यन, पिता गयाप्रसाद पासवान और दो बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# रायबरेली की जीत जनता की जीत है : केएल शर्मा

संवाददाता,लालगंज

**रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता आभार समारोह का आयोजन लालगंज के एक रिसॉर्ट में किया गया। जिसमें अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित सरेनी की जनता का आभार व्यक्त किया।

सांसद केएल शर्मा ने कहा कि रायबरेली की जीत जनता की जीत है। रायबरेली में राहुल गांधी का चुनाव जनता ने ही लड़ा है। कांग्रेस पार्टी जिले के विकास का हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब जनता के चहेते नेता बन गए हैं। जनता विरोधी किसी भी सरकारी नीति का जमकर विरोध किया जाएगा और जनता के हक में फैसला लेने के लिए भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन करना पड़ेगा तो आंदोलन भी किया जाएगा।

लालगंज से ऊंचाहार जाते समय मुराई बाग चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमेठी सांसद केएल शर्मा का जोरदार स्वागत किया। अन्ना जानवरों से परेशान किसानों की समस्याओं को संसद तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी,कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव संदीप चौधरी, जिला सचिव संजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, नंदकिशोर दीक्षित, ऋतिक जायसवाल, रामनिवास वैश्य, सोनू यादव, राजकमल गुप्ता विजय शंकर अग्निहोत्री, सरेनी विधानसभा के प्रभारी संतोष त्रिवेदी, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, कांग्रेस जिला सचिव दीपेंद्र गुप्ता, सुधा द्विवेदी, पूर्व विधायक अशोक सिंह, वरिष्ठ नेता नवल अवस्थी, राम गोपाल शर्मा, कामताप्रसाद गौड़, एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।



सांसद केएल शर्मा का स्वागत करती सरेनी की कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी।



सांसद केएल शर्मा का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**▸▸ सांसद केएल शर्मा ने सरेनी कार्यकर्ताओं का जताया आभार**

# एसपी की कार्रवाई से महकमे में मचा हड़कंप

संवाददाता, रायबरेली

कार्रवाई

**▸▸ डीह व गदागंज थाना प्रभारी सहित तीन चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर**

**▸▸ तीन दरोगाओं से छीना चौकी का प्रभार, दो थाने पर तैनात**

**अमृत विचार।** चुनाव के सकुशल सम्पन्न होने के बाद एसपी की हुई क्राइम बैठक से सबक न लेने वाले थाना प्रभारियों को भारी पड़ गया। पुलिसिंग व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर एसपी अभिषेक अग्रवाल ने डीह और गदागंज थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया है। वही तीन चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर करते हुए 16 दरोगाओं को अलग अलग तैनाती दी है।

क्राइम बैठक के दौरान एसपी ने सभी थानेदारों से अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। जिले में हो रही आपराधिक घटनाओं से महकमे की किरकिरी बनी हुई है। कई बार निर्देशो के बावजूद सुधार नही हो सका। एसपी ने शुक्रवार को गदागंज थाना प्रभारी रहे निरीक्षक सन्तोष सिंह और डीह थाने के एसओ रहे अरविंद सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है।

अब उनकी जगह डीह का नया थाना प्रभारी लालगंज में अतिरिक्त निरीक्षक रहे राजीव सिंह को बनाया है। जबकि एएचटीयू प्रभारी रहे राकेश चंद को गदागंज का प्रभारी बनाया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के बाद से जिले की अधिकतर थाना प्रभारी बेलगाम हो गए थे। जिसको लेकर थानों पर पीड़ितों की सुनवाई न होने के कारण आए दिन फरियादियों की लंबी लाइन एसपी ऑफिस में लगती है, जबकि पुलिस अधीक्षक ने पहले ही साफ कर दिया था कि पीड़ितों को थाने पर ही न्याय दिया जाए। जिससे उन्हें लंबी दूरी तय करके पुलिस कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े, लेकिन एसपी की इस बात को अधिकतर थानेदार आज भी नजरअंदाज करते नजर आ रहे हैं।

फिलहाल एसपी के इस रूप से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है, माना यह जा रहा है कि अभी अन्य थानेदारों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। एसपी ने हरचंदपुर की दतौली चौकी इंचार्ज रहे प्रकाश प्रकाश पांडे सूची चौकी जांच बृजेंद्र सिंह व परशदेपुर चौकी इंचार्ज रहे मोहित कुमार को भी लाइन हाजिर कर दिया है। तबादलों में करहिया चौकी इंचार्ज रहे राहुल मिश्रा को भदोखर, अजीत कुमार सिंह को जगतपुर भेजा है। जबकि जगतपुर थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक भारत तोमर को जगतपुर से चौकी इंचार्ज गेगासो,सुधीर कुमार पांडे को कोतवाली से चौकी चार्ज करहिया, अजीत कुमार भदोखर से चौकी इंचार्ज परशदेपुर, प्रिंस सोनकर मिल एरिया थाना से चौकी इंचार्ज सूची, देवेंद्र अवस्थी को थाना साइबर सेल से थाना डीह, पंकज सोनकर को चुनाव कार्यालय से थाना लालगंज, पुरुषोत्तम को थाना डलमऊ से कस्बा इंचार्ज डलमऊ, संजय कुमार शर्मा को चौकी डलमऊ से थाना शिवगढ़, राजेश सिंह को बछरावां थाने से चौकी इंचार्ज दतौली, विकास मलिक को पुलिस लाइन से सलोन व अनिल यादव को पुलिस लाइन से डीह में तैनाती दी गई है।

### तहसील प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज के अंतर्गत ग्राम गेंगासो ग्रामीण डाकघर के डाक बाबू चंद्र मोहन गुप्ता ने जिलाधिकारी को सरकारी डाकघर के सामने सहन पर अवैध रूप से गांव के एक व्यक्ति द्वारा किए गए कब्जे को हटाने के लिए शिकायत किया था। जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुये तहसील प्रशासन लालगंज को कार्यवाही कर तत्काल कब्जा हटाने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर एसडीएम नवदीप शुक्ला ने तहसील से टीम बनाकर नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, राजस्व निरीक्षक सत्य भवन शुक्ला, लेखपाल ऋषिकांत पटेल व पुलिस चौकी इंचार्ज अजीत सिंह को शुक्रवार को मौके पर भेजा। जांच में डाक खाने के सामने अवैध कब्जा मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाकर भूमि खाली करा दी है। जिलाधिकारी के द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना ग्रामीण एवं आम जनमानस में की जा रही है। लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए आम जनमानस के पक्ष में अत्यधिक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मौके पर विकेश द्विवेदी, ग्रामीण रामखेलावन धोबी, ननकू, सोनी, लाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने 6 माह बाद दर्ज किया आगजनी का मुकदमा

संवाददाता, ऊंचाहार

**▸▸ आशा बहू के बेटे, दामाद समेत पांच लोग थे नामजद**

**रायबरेली, अमृत विचार।** जान से मारने की नियति से गरीब की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में काफी बवाल के बाद पुलिस ने घटना के 6 माह बाद आगजनी की प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस पहले इस घटना को शांतिपूर्ण विरोध बताकर कार्रवाई से बचती रही है। मामले में पीड़ित अब कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया तो पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल गांव का है। घटना बीते साल 19 दिसंबर रात की है। गांव के ललित कुमार का आरोप है कि गांव की आशा बहू के बेटे अनिकेत और दामाद तथा तीन अन्य लोगों ने उसे जान से मारने की नियति से उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। आग देखकर वह और उसका परिवार भागकर बाहर निकला, जिससे उनकी जान बच गई। किंतु उसका पूरा आशियाना जलकर राख हो गया। इस घटना की सूचना उसने पुलिस को दी किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अधिकारियों से शिकायत की तो कोतवाली के एसएसआई ने आगजनी की घटना को शांतिपूर्ण विरोध बताकर कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित जिला कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया, जिसके बाद अधिकारी सकते में आ गए। 6 महीने की लंबी जद्दोजहद के बाद गुरुवार की रात पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करके विवेचना की जा रही है। इस दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | अमेठी सांसद के आभार समारोह में जुटे मुट्ठी भर लोग

# सपा से अलग कदम रखते ही कांग्रेस की सभा से भीड़ नदारद

संवाददाता, ऊंचाहार

**रायबरेली,अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की एकतरफा जीत के बाद कांग्रेस ने जैसे ही सपा से अलग अकेले कदम रखा उसकी सभा से भीड़ गायब हो गई। शुक्रवार को कांग्रेस ने अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद केएल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आभार समारोह में मुट्ठी भर ही लोग जुट पाए थे।

एक तरह से कांग्रेस का अकेले ताकत दिखाना एक फ्लाप शो साबित हुआ है। हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को पूरे क्षेत्र में एकतरफा शानदार जीत मिली है। चुनाव के दौरान कांग्रेस की सभाओं में जबर्दस्त भीड़ उमड़ती थी। कांग्रेस सपा कार्यकर्ताओं का हुजूम चारो तरफ नजर आता था। चुनाव भर सपा कांग्रेस एक साथ कदमताल करते रहे तो हर तरफ भीड़ ही भीड़ थी, किंतु कांग्रेस ने जैसे ही सपा से अलग अकेले कदम रखा तो उसके पैर के नीचे से जमीन ही खिसक गई। चुनाव के बाद शुक्रवार को कांग्रेस ने पहली बार सपा से अलग एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अमेठी के सांसद केएल शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करना था। आयोजन एक गेस्ट हाउस में किया गया। जिसकी कुल क्षमता करीब सात सौ लोगों की है। किंतु समारोह के दौरान मात्र कुछ सौ लोग ही जुटे और आधा से अधिक गेस्ट हाउस खाली पड़ा रहा। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की जनता में अस्वीकार्यता हमेशा से रही है।



ऊंचाहार में सभा को संबोधित करते अमेठी सांसद केएल शर्मा साथ में पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह। अमृत विचार

### भाजपा की योजनाएं जमीन पर धड़ाम

अमेठी सांसद केएल शर्मा ने आभार समारोह में कहा कि रायबरेली की ऐतिहासिक जीत जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं गांवों में बेकार पड़ी है। शौचालय बेकार है, उज्ज्वला योजना के सिलेंडर को गरीब भरा नहीं पा रहा है। खेत मेवेशी नष्ट कर रहे है। सांसद ने कहा कि अमेठी और रायबरेली में सांसद निधि के सारे काम कार्यकर्ता तय करेंगे। कार्यकर्ता जिस काम को बताएंगे वो काम किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह, अतुल सिंह, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना, पीसीसी सदस्य मेंहदी हसन, शिव कुमार पांडेय, शिव करन तिवारी, अरुण सिंह, मो आजम खान, इरफान मेंहदी, शाजू नकवी आदि मौजूद थे।

### विधान सभा उपचुनाव में भरा दंभ

कांग्रेस की सभा में अधिकांश वक्ताओं ने ऊंचाहार विधान सभा के संभावित उपचुनाव का दंभ भरा और कांग्रेस उम्मीदवार के मैदान में होने की बात कही। हालांकि एक दिन पहले ऊंचाहार में संपन्न हुई सपा की बैठक में सपा उम्मीदवार के चुनाव लड़ने की पुरजोर मांग की थी। क्षेत्रीय विधायक मनोज पांडेय द्वारा सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद अभी तक विधायकी नहीं छोड़ी है। कांग्रेस व सपा में विधायक का चुनाव लड़ने की खींचतान शुरू है।

### सभा में भिड़े कांग्रेसी, हुई गाली-गलौज

कांग्रेस की सभा में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। सभा समाप्त होने के बाद जैसे ही केएल शर्मा रवाना हुए वैसे ही नगर के कुछ कांग्रेस नेता इस बात को लेकर विधान सभा प्रभारी से भिड़ गए कि उन्हे संबोधन और माल्यार्पण के लिए नहीं बुलाया गया। दोनों ओर से खूब गाली गालौज के साथ देख लेने की धमकी तक दी गई।

### युवक को असलहा दिखाकर छीने रुपये

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी शिवा का कहना है कि गुरुवार की शाम को उसके गांव के दो लोग उसे बहाने से गांव के बाहर सूनसान स्थान पर ले गए, जहां पर उसे बांध दिया गया। इसके बाद उसको जमकर पीटा और तमंचा दिखाकर उससे तीन हजार रुपये छीन लिया। शिवा के पिता प्रदीप सिंह आरोपितों के घर गए, जब उन्होंने घटना के बारे में पूछा तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### न्याय के लिए मुख्यमंत्री की चौखट पहुंचा पीड़ित

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। एनएचएआई द्वारा ऊंचाहार में बनाए जा रहे बाईपास में एक गरीब को बेघर कर दिया है। उसके घर का अधिग्रहण करने के बाद उसे मुआवजा नहीं मिला और जबरन उसका मकान गिरा दिया गया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री कार्यालय जाकर मामले की शिकायत की है। मामला नगर से जुड़े गांव पूरे राठौरन का है। गांव के रामसिंह राठौर का कहना है कि बाईपास निर्माण में एनएचएआई द्वारा उनके भवन का अधिग्रहण किया गया था। जिसकी अधिसूचना जारी हुई। घर का सर्वे करने वाले इंजीनियर ने भवन और जमीन का आंशिक मूल्यांकन किया। इसकी शिकायत उन्होंने अधिकारियों से की तो अधिकारियों ने पुन: मूल्यांकन कराकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इससे पहले की उसे मुआवजा मिलता कि एनएचएआई और तहसील प्रशासन ने मिलकर उसका भवन गिरा दिया, जिससे उसकी गृहस्थी का सारा सामान मलवे में दब गया। यही नहीं उसके घर के पास बाउंड्री में लगे फलदार पौधों को भी गिरा दिया गया, जिससे उसे लाखों की क्षति हुई है। पीड़ित अपना दर्द लेकर गुरुवार को लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय पहुंचा, जहां अधिकारियों से उसकी मुलाकात हुई और अपना शिकायती पत्र सौंपा है।

### पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

रायबरेली, अमृत विचार। खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी की रहने वाली स्व रामकरन की पुत्री शान्ति देवी ने पुलिस अधीक्षक से अपने पति के खिलाफ दूसरी शादी रचाने की शिकायत की है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में पीड़िता ने कहा है कि खरदहा थाना असोथर जिला फतेहपुर के सरवन कुमार सिंह पुत्र स्व राज बहादुर सिंह के साथ लगभग 10 पहले प्रेम विवाह किया था। तब से वह दोनों लोग सेमरी चौराहे पर किराये का कमरा लेकर गुजर बसर कर रहे हैं। पीड़िता ने एसपी को बताया कि वह अपने पति के साथ 25 अप्रैल 2024 को लालपुर गांव में उसके मामा के यहां शादी में गये थे। उसका आरोप है कि उसकी ननद मोनू उसके पति को गुमराह करके दूसरी लड़की से शादी करने के बात तय कर दी। इसके बाद से उसका पति आए दिन उसे मारने-पीटने और तरह-तरह से यातनाएं देकर प्रताड़ित करने लगे। उसने कहा कि पति अब खर्चा आदि सब कुछ देना बंद कर दिया है। उसने पति, सास विमला देवी, ननद मोनू पर जान से मरवा देने का भी आरोप लगाया है। इससे परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### महिला से चेन स्नेचिंग का प्रयास, महिलाएं फरार

बछरावां, रायबरेली। शुक्रवार दोपहर इसिया गांव की रहने वाली मौसमी पटेल पत्नी आलोक कुमार अपने बेटे यश पटेल के साथ ऑटो से अपने मायके भौसी गांव जा रही थी। तभी ऑटो पर बैठी एक महिला ने उनके गले मे पड़ी सोने की चेन काट ली और तभी बगल में बैठी एक दूसरी महिला चेन खींचने लगी। चेन खींचते समय मौसमी को एहसास हो गया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया और ऑटो के अंदर ही नोकझोंक शुरू हो गई। इसी बीच ऑटो चालक ने आटो रोक दिया। ऑटो का गेट खोलते ही आरोपित महिलाएं फरार हो गई। मौसमी ऑटो से मायके जा रही थी। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि ऑटो चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश

रायबरेली। जिला स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं अनुशरण समिति की बैठक डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक में डीएम ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार को निर्देश दिया कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। जिनकी निगरानी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से लगातार की जाती रहे। सभी गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा मे पानी, चारा, शेड और चिकित्सा की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे।

# बछरावां में बढ़ीं चोरी की घटनाएं, पुलिस रोकने में फेल

## झारखंडेश्वर मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोर 10 से 15 घंटे खोल ले गये, जनता में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, बछरावां

रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों के द्वारा घरों के साथ-साथ मंदिरों को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है। बीते गुरुवार की रात चोरी की घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालेगांव मजरे खालेगांव के झारखंडेश्वर मंदिर से घंटा चोरी करने की घटना सामने आई है। जिसका सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है।

घटना बृहस्पतिवार देर रात की है जिसे सीसीटीवी के अनुसार देखा जा सकता है। शेखपुर समोधा में स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर लोगों की आस्था का प्रतीक है, जहां अज्ञात चोर के द्वारा घंटा चोरी करने की घटना सामने आई है। वहीं अज्ञात चोर का एक ऐसा कृत्य सीसीटीवी में कैद हुआ है। जिसे देखकर लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि शिवलिंग के ऊपर चोर दोनों पैरों से चढ़कर घंटा खोलने का प्रयास कर रहा है। इस चोर का यह कृत्य हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। झारखंडेश्वर मंदिर में गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर दाखिल हुआ और लगभग 10 से 15 की संख्या में घंटे खोल ले गये। जिनका वजन लगभग 40 किलो के आसपास बताया जा रहा है। अन्य बड़े घंटे तालों से लाक थे, या फिर वेल्डिंग से मजबूत किए गए थे।


सीसीटीवी फुटेज में मंदिर के अंदर खड़ा चोर। अमृत विचार

उन घंटों को चोर ले जाने में सफल नहीं हो सका। परंतु जो घंटे जंजीरों से सिर्फ या तारों से बंधे थे। उन घंटों को चुरा ले गये। मंदिर के पुजारी राम सहारे तथा अन्य पूजा पाठ करने वाले भक्त जब सुबह 5 बजे के आसपास मंदिर पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ पाया तथा घंटे गायब पाए गए। जिसकी सूचना मंदिर के पुजारी के द्वारा 112 पुलिस व स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की कड़ी छानबीन कर रही है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश जारी कर दी गई है।

हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने पर क्षेत्रीय लोगों तथा हिंदू संगठनों में भयंकर आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस बाबा थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश एवं घटना की छानबीन की जा रही है।

## घटनाएं रोकने में खाकी नाकाम, ग्रामीण परेशान

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदातों से खाकी टेंशन में आ गई है। इन वारदातों से पुलिस की निष्क्रियता पर लोगों द्वारा सवाल किया जाना लाजिमी है। थुलेंडी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पूरे कूमेदान मजरे राघवपुर में एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

पहली घटना जन्नतुन निशा पत्नी रिजवान का मोबाइल, 21 हजार रुपए नगद, पायल, बिछिया के साथ-साथ पीड़ित ने यह भी बताया कि ताला तोड़कर सभी अलमारी से लगभग 50 से 60 हजार का नुकसान हुआ है। दूसरी घटना किश्त्बुन निशा पत्नी अयूब ने बताया कि पायल, सोने के बूंदा और एक कुंतल गेहूं व 25 किलो चावल सहित 23 हजार रुपए नगद चोरों ने पार कर दिया है। वहीं, चोरी की तीसरी घटना छोटेलाल पुत्र स्व रामप्रसाद ने बताया कि चोरो ने कमर करधनी,


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


चोरी की वारदात के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

बेशर, 30 हजार नगद बीती रात पार कर दिया। पीड़ित के अनुसार दरवाजा बाहर से बंद था, चोर इसी रास्ते से अंदर दाखिल हुये और बक्से का ताला तोड़कर रखा सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंचीं चौकी इंचार्ज बागीश मिश्रा मौके का निरीक्षण कर जांच में जुट गई है। अभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती हुई चोरियों का खुलासा भी नहीं हो पाया था कि चोरों ने तीन और नई घटनाओं को फिर से अंजाम दे दिया।

### डीएम ने मां को बच्चे से मिलवाया

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जनता दर्शन के दौरान एक पीड़ित महिला बुधवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के समक्ष अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुई। पीड़ित महिला ने डीएम को बताया कि ससुरालीजन उसके दूध पीते बच्चे को छीन कर और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से इस प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर मैनेजर आस्था, ज्योति एवं केस वर्कर अर्चना सिन्हा महिला के पास पहुंचीं और कार्यवाही करते हुए एसएचओ महिला थाने की मदद से 2 महिला गार्ड को लेकर महिला के ससुराल पहुंची और उसका दूध पीता बच्चा उसे दिलाया एवं महिला को सकुशल उसके मायके उसकी मां के पास पहुंचाया। इस पूरी प्रक्रिया में महिला गार्ड अलका द्विवेदी एवं स्वीटी ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा सरकार में लोकतंत्र का गला घोटा गया : पाल

## रायबरेली के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का किया जोरदार स्वागत

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। यूपी में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की शानदार जीत के बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के अलग-अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने बछरांवा, हरचंदपुर, सदर और ऊंचाहार विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनाव में मिले परिणाम को लेकर बधाई दी।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूती के साथ आने वाले चुनाव में लगने के निर्देश दिए है। लोकसभा चुनाव में सपा को मिली बढ़त को लेकर कहा कि आने वाले दिनों में हमे और मेहनत की जरूरत है, जिससे जहां जो कमियां रह गई है, उनको सही किया जा सके। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का जगह जगह पर पार्टी पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। उधर पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि सपा बाबा साहब, लोहिया और महापुरुषों को मानने वाला दल है। भाजपा सरकार में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था। इस बार जनता ने सबक सिखा दिया है। पीडीए एक परिवार है। भाजपा के अयोध्या सीट के हारने पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन ने मण्डल की सीटों पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि मंदिर बनने के बाद भाजपा को घमंड आ गया था, जिसे जनता ने तोड़ दिया है। उन्होंने आगे गठबंधन चलने के सवाल पर कहा कि यह उनके नेता तय करेंगे।


सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते सपा प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

इस दौरान जिला अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, आरपी यादव, जूही सिंह, अंकुर यादव, मजहर खान, राजकुमारी, संदीप शुक्ला, महेश यादव, राजेश मौर्य, सौरभ सिंह यादव, ओपी यादव, अरशद खान, शशिकांत शर्मा, आशीष पटेल सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक राहुल लोधी ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत


सपा अध्यक्ष के साथ विधायक राहुल लोधी। अमृत विचार

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का हरचंदपुर विधानसभा में प्रथम आगमन पर विधायक राहुल लोधी के नेर्तत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की बैठक कर संगठन को मजबूती देने के कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पूरे जनपद के सभी वर्गों से हजारों की संख्या में विशेषकर पाल समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के सम्मुख पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। संगठनात्मक दृष्टिकोण से इस अहम बैठक में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जय माता मंदिर में आयोजित भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

सरेनी, रायबरेली। सरेनी में स्थित जय माता जी मंदिर में आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। भंडारे का आयोजन समाज सेवी रामचरण सिंह ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सुंदर सिंह, पिंकू सिंह, विकास, सूरज, बीरेंद्र सिंह, नलनेश दीक्षित, जगन्नाथ सिंह, भुल्लन सिंह, रघुवीर, शिवकंठ साहू, राजनारायण पाण्डेय, कामता सिंह, मनोज सिंह, भोले सिंह, रिंकू सिंह (दद्दा), सर्वेश कुरील आदि समाजसेवी गण सेवा भाव से उपस्थित रहे।

### दहिगवां क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

संवाददाता शिवगढ़, रायबरेली। नगर पंचायत के ढेकवा वार्ड में आयोजित बाबा बनवारी दास क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला लीग मैच दहिगवां और कोटवा के मध्य खेला गया। जिसमें दहिगवां ने कोटवा को 6 विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बल्ले से शॉट मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। गौरतलब हो कि कोटवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 120 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दहिगवां टीम ने 9.4 ओवर में 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच दहिगवां टीम के अभिषेक चौरसिया को दिया गया। प्रतियोगिता में रोमांचक कमेन्ट्री ध्यानू पाण्डेय कर रहे थे।

# बोर्ड बैठक में शहर के विकास को एक अरब से अधिक की धनराशि मंजूर


पालिका सभागार में बोर्ड बैठक के दौरान अध्यक्ष व सभासद। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

- अध्यक्ष ने लापरवाही में सीवर सफाई का काम देखने वाले कर्मचारी को हटाया

अमृत विचार। शुक्रवार शाम पालिका कार्यालय स्थित सभागार में पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न हुई।

बैठक में 31 सभासदों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान 2024-25 में विकास कार्यों को करने के लिए चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पालिका के अनुमानित आय एक अरब 9 करोड़ 5 लाख 94 हजार 700 रुपये होगी। जबकि शहर को भव्य और विकसित करने के लिए एक अरब 17 करोड़ 13 लाख 49 हजार 260 रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी बजट से शहर में पेयजल, इंटरलॉकिंग, सड़क व अन्य काम भी कराए जाएंगे। नगर पालिका में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन भी इसी बजट से खर्च होगा। बैठक के दौरान सभागार में काफी गहमागहमी रही। अधिकतर सभासद अपनी मांगों को लेकर मनवाना चाह रहे थे। बैठक के दौरान कई सभासदों ने कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुद्दा उठाया कि सीवर व सफाई कार्य में लापरवाही बरती जाती है, जिसको लेकर तत्काल अध्यक्ष ने सीवर सफाई का कार्य देख रहे संजय मौर्य को हटाकर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दे दी।

विश्व रक्तदान दिवस | एनटीपीसी ऊंचाहार में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# जीवन बचाने के लिए महत्वपूर्ण है रक्तदान : मनदीप

संवाददाता, ऊंचाहार

रायबरेली, अमृत विचार। एनटीपीसी के जीवन ज्योति चिकित्सालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रायबरेली एम्स ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनदीप सिंह छाबड़ा, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी ऊंचाहार व प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा तरुणा छाबड़ा ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर से पूर्व दीप प्रज्ज्वलन कर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनों को रक्तदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छाबड़ा ने कहा कि रक्तदान महादान है। दुनिया भर में जीवन बचाने के लिए रक्तदान महत्वपूर्ण है। कई बार सेहत में ऐसी जटिलताएं आ जाती हैं कि तुरंत खून की जरूरत होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान एक सक्रिय भूमिका निभाता है। जीवन को बचाने, रोगी की सर्जरी में मदद, कैंसर के उपचार, क्रॉनिक बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी खतरों के लिए रक्तदान आवश्यक है। साथ ही अपील की है कि आप सभी अपनी क्षमतानुसार रक्तदान अवश्य करें। इस दिन को मनाने के पीछे डॉक्टर कार्ल लैंडस्टीनर हैं, जिन्हें आधुनिक ब्लड ट्रांसफ्यूजन का पितामह कहा जाता है। यही वजह है कि उनके जन्मदिन यानी कि 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को फल-जूस व प्रोत्साहन के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधक सहित मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा मधु सिंह व चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक व स्टाफ, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित रहे।


रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि मनदीप सिंह। अमृत विचार

### केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर दी बधाई

परशदेपुर, रायबरेली। यूपी के बांसगांव से चौथी बार सांसद चुने गए कमलेश पासवान को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों में भी खुशी है। क्षेत्र के लोगों ने दिल्ली पहुंचकर राज्यमंत्री बनाए जाने पर कमलेश पासवान को बधाई दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान की मवई आलमपुर में ससुराल है। वे पूर्व आयकर आयुक्त स्व ब्रजलाल पासी के छोटे दामाद हैं। उनके राज्यमंत्री बनाए जाने से गांव में खुशी का माहौल है। ब्रजलाल पासी के पुत्र व भाजपा नेता सिद्धार्थ पासी के नेतृत्व में काफी लोगों ने राज्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर बधाई दी। बधाई देने में वालों के श्रीकांत मौर्य, रमेश तिवारी, महेंद्र यादव, कुलदीप सी आदि शामिल रहे।


**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र युवराज सिंह को उसके खराब आचरण और मेरी कोई बात को नहीं सुनता है। इस कारण मैं उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी कृत्य के लिए वो खुद जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार से कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **पंकज कुमार पुत्र श्री राम विलास सिंह निवासी ग्राम समरिहा पोस्ट कीराव प्रयागराज।**

**त्रिवेणी काशी महाविद्यालय**
सेमरी-रायबरेली (कानपुर-रायबरेली रोड)
सम्बद्ध :- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)
E-mail:tkmv2016@gmail-com

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय सेमरी, रायबरेली
सम्पर्क सूत्र- 8887769426, 9044794511

स्व वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत: निम्न पदों पर UGC द्वारा पी.एच.डी. /नेट अर्हताधारी प्राचार्य / प्रवक्ता हेतु एक-एक पद की आवश्यकता है।
**प्राचार्य पद हेतु :-** 01 पद अनुभव 15 वर्ष।
**कला संकाय प्रवक्ता पद हेतु:** हिन्दी साहित्य विषय हेतु 01 पद।
**नोट:-** इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।

**कमल बहादुर सिंह**
प्रबन्धक
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी-रायबरेली

**नोटिस**

न्यायालय जिलाधिकारी जनपद अमेठी
**राजनारायण** बनाम **ग्राम सभा**
अर्जुन बनाम **ग्राम सभा**
अर्न्त0धारा 380, रा0सं0 ग्राम - कुडवा महमदपुर पर0 व त0 जिला- अमेठी
ता0 पेशी - 18.6.2024

उपनांमांकित, राजनारायण व अर्जुन प्रसाद ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अत: आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने हेतु दिन 18.06.2024 को पूर्वान्ह सम्यक रूपेण अन्ददिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन तक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

विपक्षीगण -1- विमला देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार, 2- अजय कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार व दीपक कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार, 3. सावित्री देवी पत्नी हरदेव प्रसाद, 4. गीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार, 5. कुलदीप - सुरेश तिवारी
रीडर
D.M. अमेठी

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राहुल शर्मा के दुर्व्यवहार और गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **मुकेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद शर्मा निवासी- ग्राम- संगावली, थाना जसवंतनगर, जिला- इटावा**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **बदाला पत्नी रामकुमार और रूपन पत्नी रामकुमार** दोनो नाम एक ही महिला के है जो **ग्राम पंचायत-रेवरी सैदपुर, थाना-डीह तहसील- सलोन, जिला- रायबरेली** की निवासी है। जिनका आधार नं0- 798860321394 है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रोहित कुमार पुत्र सियाराम निवासी- ग्राम-महंगूपुर, थाना- नवाबगंज, जनपद-गोण्डा,** मैं अपने पुत्र विराज जिसका चाल-चलन व स्वभाव ठीक नहीं है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 16 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने 16 आरोपियों के विरुद्ध शांतभंग की धाराओं में कार्रवाई की जबकि 14 वांछितों को गिरफ्तार किया।

### 50 ग्राम मार्फीन के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत असन्द्रा पुलिस टीम ने 50 ग्राम मार्फीन के साथ पकरिहा मजरे जरगांवा निवासी सलमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### चाकू के साथ दबोचा गया शातिर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को ग्राम कटैया मजरे छंदवल निवासी ननकऊ को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 70 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : चार अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शुक्रवार को 70 लीटर कच्ची शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। असन्द्रा पुलिस ने एक आरोपी के पास से 20 लीटर, फतेहपुर पुलिस ने 20 लीटर के साथ एक, कोठी पुलिस ने 19 लीटर के साथ एक व टिकैतनगर पुलिस टीम ने 11 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

# पुलिस से मुठभेड़ में 20 हजार का इनामी बदमाश घायल, दूसरा फरार

## जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई लूट के मामले में तलाश रही थी पुलिस

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** करमुल्लापुर दादरा तिराहे पर गुरुवार की रात सफदरगंज पुलिस और स्वाट टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। 20 हजार का एक इनामी बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाश पर कई अपराधी मुकदमे दर्ज हैं। जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई लूट के मामले में पुलिस को इस बदमाश की काफी लंबे समय से तलाश भी थी।

सफदरगंज पुलिस और स्वाट टीम ने गुरुवार की रात करमुल्लापुर दादरा तिराहे पर चेकिंग लगाई थी। इस दौरान पुलिस को एक बाइक से दो संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन रुकने की जगह पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो उनमें से एक बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस व स्वाट टीम ने भी घेराबंदी करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू की। पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लगी और वह बाइक लेकर मौके पर गिर पड़ा। जबकि इसी बीच बाइक पर बैठा दूसरा बदमाश भाग निकला। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

एएसपी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश ओमप्रकाश रावत उर्फ संतोष उर्फ ओपी पुत्र तुलसीराम निवासी खरेटी पोस्ट गवारी थाना थानगांव सीतापुर का निवासी है। उसके पास से 10 हजार रुपये नकद, एक तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गयी। बदमाश ओपी पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र से 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। इस पर लूट आदि के 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फरार बदमाश की पहचान शादाब पुत्र समी अहमद निवासी रहलामऊ चीनी मिल थाना महमूदाबाद, सीतापुर के रूप में की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पकड़े गए बदमाश ओपी ने बताया कि उसने साथी शादाब के साथ बड्डूपुर थाना क्षेत्र व सफदरगंज थाना क्षेत्र में सराफ के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## चयनित खिलाड़ियों का मंडलस्तर पर होगा ट्रायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली जूनियर बालक और बालिका वर्ग के फुटबाल प्रतियोगिता के लिए दोनों वर्गों में ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बालिका वर्ग में पांच तो बालक वर्ग में आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव के अनुसार बालिका वर्ग में लक्ष्मी झा, अनन्या वर्मा, शहला व सराहा मुबीन तथा अंशिका शामिल हैं। वहीं बालक वर्ग में वेदांत यादव, समीर अव्वास, मो .अब्दुल्ला, इसाउल्लाह, आर्यन सिंह, अभिनव कुमार, कार्तिकेय चर्तुवेदी, मोहम्मद रजा शामिल हैं। श्री यादव ने बताया कि जिलास्तर पर जूनियर बालक और बालिकाओं के चयन के बाद इन सभी को मंडल स्तर पर ट्रॉयल देना होगा। इसके लिए चयनित बालकों को 14 जून तो बालिकाओं का ट्रॉयल 15 जून को अयोध्या में होगा। इसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन प्रदेश स्तर की टीम में किया जाएगा।

## 51 हजार का बिल देख भड़क गया उपभोक्ता

**कोठी, बाराबंकी: अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के माझियावां गांव में शुक्रवार विद्युत संविदाकर्मी मीटर रीडर ने जैसे 51 हजार का बकाया बिल उपभोक्ता को थमाया तो वह भड़क गया। मीटर रीडर ने लाइनमैन को बुला लिया। इसकी शिकायत थाने पर पर की गई।

जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के अतरौली फीडर से जुड़ा पहाड़ापुर गांव निवासी मीटर रीडर अनिल कुमार का कहना है कि शुक्रवार को माझियावां में विद्युत बिल निकाल रहा था। सुल्तान घर पर मीटर रीडिंग की। 51770 बकाया बिल रसीद दी तो वह वह भड़क गया। मीटर रीडर ने पुलिस से शिकायत की है। जैदपुर फीडर जेई समसुल हक का कहना है कि संविदाकर्मी से विवाद करने पर आरोपी पक्ष ने माफीनामा लिखा है।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर महिला का फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है।

दांदूपुर गांव निवासी घनश्याम रावत उर्फ गुड्डू टेलर ने दो वर्ष पहले अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया था। इसके बाद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर गांव निवासी कृपाल रावत की पुत्री रेनू (30) से प्रेम विवाह किया था। ग्रामीण बताते हैं कि गुड्डू के गलत आचरण के कारण पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। शुक्रवार की सुबह भी विवाद हुआ। इसके बाद रेनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में छत से लटका मिला। रेनू के पिता कृपाल ने बताया कि सुबह उनकी बेटी ने बदहवास स्थिति में फोन कर उन्हें तत्काल घर बुलाया। कहा कि उसकी हत्या होने वाली है। जल्दी से आकर जान बचा लीजिए। बात होने के एक घंटे में ही पिता जब बेटी के यहां पहुंचा तो घटना हो चुकी थी। पिता द्वारा बेटी की हत्या किए जाने के आरोप के बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई।

# रक्तदान बचा सकता है किसी का जीवन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



रक्तदान करते पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जिला चिकित्सालय में आयोजित विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया। लोगों को संदेश दिया गया कि रक्तदान से किसी का अमूल्य जीवन बच सकता है7

रक्तदान शिविर में कई संभ्रांत व्यक्तियों एवं नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी ने भी रक्तदान किया। इसअवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विगत वर्षों सर्वाधिक रक्तदान करने वाले संस्थाओं/व्यक्तियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने डायलिसिस वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस अवसर सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव, परामर्शदाता पंकज वर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता से समझौता नहीं, होगी कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


निरीक्षण करते पीओ डूडा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। जहां निर्माण हो चुका है, उसकी जांच भी की जा रही है। कुछ जगहों पर निर्माण कार्य कराने को लेकर तैयारी चल रही है। इसके साथ ही बजट का भी इंतजार किया जा रहा है। वहीं नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों को पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी ने निरीक्षण किया और गुणवत्ता को परखा। उन्होंने ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। खामियां मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में शुक्रवार को नवाबगंज नगरपालिका के अंतर्गत ककरहिया, शिव विहार कॉलोनी, ओबरी व वाल्मीकि नगर में डूडा द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी ने अवर अभियंता नंद कुमार गौतम के साथ किया। इस दौरान यहां हो रहे इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। उन्होंने अवर अभियंता को निर्देशित किया वह इन कार्यों का समय-समय पर स्टीमेट के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निर्माण कार्य समयावधि के अंदर पूर्ण कराएं।

## घर के सामने तालाब में मिला लापता युवती का शव

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** पिछले दो दिनों से लापता एक युवती का शव शुक्रवार की सुबह घर के सामने स्थित सूखे तालाब से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रघुनाथगंज निवासी दर्शन गुप्ता की पुत्री रीवानी (24) का विवाह छह माह पहले रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोटवा गांव में हुआ था। बीती पहली जून को युवती अपने मायके रघुनाथगंज आई थी। दो दिन पहले बुधवार की रात वह संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद उसका कहीं पता न चलने पर परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी।

# अतिक्रमण की जद में आने वाले भवनों का चिह्नीकरण शुरू

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जमुरिया नाले के आसपास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बने मकानों को चिन्हित कर गृह स्वामियों को प्रशासन ने चेतावनी दी है कि वह समय रहते मकान को खाली कर दें। प्रशासन स्तर पर ऐसे लोगों को काशीराम कालोनी में आवास आवंटित कर उन्हें शिफ्ट किया जायेगा। शुक्रवार को एसडीएम विजय त्रिवेदी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस बल की मौजूदगी में ऐसे मकानों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया । अधिकारियों की माने तो अतिक्रमण की जद में लगभग 45 से ज्यादा मकान आ रहे हैं। अतिक्रमण क्षेत्र में बने मकानों को खाली करा कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन की तरफ से ऐसे गृह स्वामियों को कांशीराम कॉलोनी में आवास आवंटित किया जायेगा। लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रशासन द्वारा कांशीराम कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों को खाली कराकर अतिक्रमण क्षेत्र में रह रहे गृह स्वामियों को आवास आवंटित करने के लिए योजना पहले ही बनाई जा चुकी थी। एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि जमुरिया नाले के आसपास जो घर अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। सभी को मकान खाली करने के लिए कहा गया गया है।

## सार-संक्षेप

### आज से तीन दिन तक 10 से 6 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र देवा अंतर्गत विशुनपुर फीडर के तहत आने वाले गांवों की बिजली सप्लाई तीन दिनों के लिए दिन में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने दी। अवर अभियंता एसके श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले विशुनपुर फीडर की मेन लाइन पर आरडीएसएस योजना के तहत 15 जून से 17 जून तक लाइन के जर्जर तार व पोल बदलने का काम किया जाएगा। इसके चलते बिशुनपुर फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी।

### खुशहाली के लिए किया ग्राम देवता का पूजन


देवहार बाबा के स्थान पर पूजा-अर्चना करते ग्रामवासी। अमृत विचार

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत हरपालपुर में ग्रामीणों ने ग्राम देवता देवहार बाबा का पूजन किया। पं. सीतानाथ मिश्र ने पूजन कराया। आयोजक रामलखन शर्मा ने बताया कि गांव की तरक्की व गांव के लोग स्वस्थ व सम्पन्न रहें इसके लिए देवहार बाबा की पूजा हर वर्ष करायी जाती है। इस मौके पर प्रधान सत्यदेव रावत, पूर्व प्रधान गया प्रसाद चौधरी, सनेही गौतम, शिव बक्श, वीरेंन्द्र गौतम, मोहित यादव, रोहित यादव, रवि शंकर तिवारी, अनुज रावत, कोटेदार मातादीन रावत आदि मौजूद रहे। पूजा के बाद देवी गीत गाये जाते हैं जिसमें कच्ची मटकी की ढोलक बनाई जाती हैं।

### काम पूरा होने के चार माह बाद भी नहीं हटे स्पीड ब्रेकर


रोड पर बने स्पीड ब्रेकर। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़-बछरावां मार्ग पर पोखरा गांव के पहले क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के दौरान बनाए गए स्पीड ब्रेकर चार माह बाद भी नहीं हटाये गए। चीनी मिल के आगे से जौनपुर ब्रांच नहर गुजरी है। इसी नहर पर बना पुल का एक स्पाइन क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके निर्माण के दौरान सिंचाई विभाग द्वारा पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाये गए थे। चार माह पूर्व क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण किया जा चुका है लेकिन स्पीड ब्रेकर नहीं हटाये गए। भाजपा कार्यकर्ता नीलू मिश्रा, राजापुर के श्रीकांत तिवारी व अन्य लोगों ने स्पीड ब्रेकर हटाए जाने की मांग की है।

### रौनक बाबा का हुआ कुल शरीफ


कुल शरीफ में होता मुशायरा। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सत्यप्रेमीनगर कमरियाबाग के कब्रिस्तान स्थित रौनक अली शाह बाबा छाता वाले की याद में हर वर्ष कुल शरीफ होता है। इस बार भी गुरुवार को नातिया मुशायरा हुआ। इसमें रिहान रौनकी, साबिर, हाफिज सलीम, अर्सलान इस्लाम आदि ने अपने कलाम पेश किए। उसके बाद कुल शरीफ हुआ। मुल्क में अमन की दुआ की गई। इस अवसर पर मुनव्वर अली शाह, मो. ताहिर, फुरकान अली, गुफरान अली, अनवर अली शाह, हाफिज, मो. इरफान, रिजवान और फैज आदि मौजूद थे।

# नाले में घुसा अनियंत्रित ट्रक

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**


ट्रक घुसने क्षतिग्रस्त हुआ नाला।

**अमृत विचार :** तीन माह पूर्व बनाए गए पक्के नाले में ईंट लदे ट्रक के गिर जाने से कई मीटर नाला ध्वस्त हो गया था। विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत तेजवापुर में नाले का निर्माण कराया गया था। बुधवार की रात्रि ईंट लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर नाले में चला गया था। इसके कारण लगभग 10 मीटर तक नाला ध्वस्त हो गया था।

ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार गौतम ने बताया कि पुनः नाले की मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ट्रक चालक नशे में था इसीलिए वह ट्रक को बाएं के बजाय दाहिनी तरफ बने नाले में लेकर चला गया। ग्राम प्रधान द्वारा दी गई सूचना के बावजूद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बावजूद ट्रक चालक का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया।

## आधार के संशोधन में वसूली का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार :** सरकारी आदेशों के बाद भी आधार अपडेट के नाम पर रामनगर के आधार कार्ड बनाने वाले केंद्रों पर लोगों से वसूली की जा रही है। रामनगर में चल रहे केंद्रों पर आधार अपडेट के नाम पर 100 से 200 तक प्रति आवेदक शुल्क लिया जा रहा है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बने केंद्रों पर 14 जून तक सभी लोग मुफ्त आधार अपडेट करवा सकते थे। इसकी अवधि बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी गई। लेकिन केंद्रों पर आधार अपडेट के नाम पर वसूली की जा रही है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# किसानों को बताये मिलेट्स फसलों के लाभ

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



किसान को मक्का के बीज देते अपर कृषि निदेशक (प्रसार) राजेन्द्र कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन व 'द मिलियन फार्म स्कूल (किसान पाठशाला)' योजना के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड देवा के ग्राम सरसौंदी में कृषक गोष्ठी एवं किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अपर कृषि निदेशक (प्रसार) राजेन्द्र कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) अनिल कुमार सागर, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर अन्वेषा देव, अपर जिला कृषि अधिकारी तेजबल सिंह एवं प्रगतिशील किसान दिनेश वर्मा सहित लगभग 200 से अधिक कृषक उपस्थित रहे।

उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने किसानों को मिलेट्स फसलों की विविधताओं और उनके लाभ के बारे में बताया। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी विकास खंडों में संकर धान व मक्का के लग रहे विभिन्न कम्पनियों के स्टॉल के बारे में अवगत कराते हुए उस पर सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान के बारे में किसानों को बताया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा बीजों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

**समस्या** असन्द्रा थाना के बगल से पूरे पाठक गांव तक करीब 7 .8 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण का कार्य नहीं हो पाया पूरा

# सड़क निर्माण का कार्य अधूरा, बिखरी गिट्टियों से राहगीर परेशान

**विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी**


लगभग 300 मीटर अधूरा पड़ा असन्द्रा पूरे पाठक मार्ग। अमृत विचार


असन्द्रा पूरे पाठक मार्ग पर पूरे चुन्नू के पास नहीं बनी पुलिया। अमृत विचार

अमृत विचार : करोड़ों की लागत से बनने वाला असंद्रा-पठकन पुरवा मार्ग अधूरा पड़ा है। निर्माण कंपनी की मनमानी से अब भी करीब तीन सौ मीटर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। गिट्टियों की वजह से आवागमन में लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं।

राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत सड़कें बनाई जा रही हैं। लेकिन इन सड़कों के निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने के साथ ही इन्हें अधूरा भी छोड़ा जा रहा है। विकास खण्ड बनीकोडर अंतर्गत असन्द्रा थाना के बगल से 15 करोड़ 63 लाख 27 हजार रुपए की लागत से पूरे पाठक गांव तक करीब 7.8 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य करीब पांच माह पूर्व लोक निर्माण विभाग की देखरेख में पीके कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा शुरू कराया गया था। सड़क के चौड़ीकरण का कार्य राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की शासन स्तर पर की गई पैरवी के बाद शुरू हो सका था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता बरती गई हैं। इसके अलावा अभी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा भी नहीं हो सका है। मिर्चिया और असन्द्रा के बीच छोटी मिर्चिया के पास करीब 300 मीटर सड़क अब भी अधूरी पड़ी है। मार्ग पर पड़ी गिट्टी और उड़ती धूल से लोगों का चलना मुश्किल है। स्थानीय निवासी टिंकू शुक्ला ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरती गई है। असंद्रा से धनौली तक जो पुलिया बनी थी, उसको भी सही नहीं कराया गया। ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य करवा रहा है।

> अनियमितता का आरोप निराधार है। सड़क का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। बीच थोड़ी सड़क जो शेष है, वहां डामरीकरण के स्थान पर सीसी मार्ग बनाया जायेगा। भीषण गर्मी की वजह से सीसी मार्ग नहीं बन पा रहा है। जल्द ही कार्य पूर्ण कराया जाएगा।
>
> **-अरविंद मिश्र**, सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी।

## एक नजर

### 39 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा व कोठी पुलिस ने शुक्रवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 39 लीटर कच्ची शराब बरामद की। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। जिसमें असन्द्रा पुलिस ने मौजी लाल निवासी दुर्गापुर मजरे किठैठया थाना असन्द्रा के कब्जे से 20 लीटर व कोठी पुलिस ने छविलाल निवासी नकटा सहेरिया थाना कोठी के कब्जे से 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस पूछताछ में दोनों ने इसकी बिक्री करने की बात स्वीकार की है।

### दुष्कर्म आरोपी की पिटाई में वांछित गिरफ्तार

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** दुष्कर्म आरोपी की पिटाई में वांछित एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती 24 मई की सुबह किशोरी से गांव के बाहर युवक ने दुष्कर्म किया था। परिजनों ने उस पीटकर आरोपी को अधमरा कर दिया था। पीड़िता पक्ष के सात लोगों में से दो को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी। तीसरे वांछित शिवपाल यादव को भी शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शेष चार आरोपियों की तलाश जारी है।

### आग से हजारों रुपये का सामान जलकर राख

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वज़ीरगंज थाना क्षेत्र में आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया है। शुक्रवार दोपहर चूल्हे से छिटकी चिंगारी की से लगी आग की चपेट में आकर अशोकपुर परसहवा में परमात्मा पांडेय का छप्पर जल कर राख हो गया। दूध गर्म करते समय अचानक चिंगारी छिटक कर फुस के छप्पर जा गिरी और आग लग गयी।

# अफवाह फैलाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

## जिलाधिकारी ने धर्मगुरुओं और प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोक सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद धर्मगुरु व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बकरीद त्योहार के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरुओं एवं प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों, जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों व ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली व बड़े डस्टबिन रखने के भी निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी एवं अफवाहों को वायरल न करें। ऐसा करने वालों को चिह्नित करते हुए सख्त कार्रवाई की जायेगी।

डीएम सत्येंद्र कुमार ने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जायें। सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। बैठक में डीएम ने कड़े शब्दों ने कहा कि प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए। सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जायेगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा ने कहा कि बकरीद व आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। उन्होंनें उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी छोटी-बडी मस्जिदों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहते हुए समय समय पर संदिग्ध स्थानों पर भ्रमण भी करेंगे। जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो। वहीं अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी जनपद में किसी भी दशा में नही होगी। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं ने साफ सफाई, जल एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

साथ ही जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वह शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एएसपी उत्तरी सीएन सिन्हा, एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके श्रीवास्तव, सभी उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से दिखने लगी झील की सतह

## गर्मी से पशु-पक्षियों को पीने के पानी का संकट

सतरिख, बाराबंकी



सूखी पड़ी नेवली झील। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गर्मी दिन-ब-दिन अपने तेवर दिखा रही है। आलम ये है कि कई नदियों और जलाशयों का जलस्तर घट चुका है। वहीं हरख क्षेत्र की प्रसिद्ध नेवली झील के किनारों में भी इन दिनों पानी की जगह जमीन दिखाई देने लगी हैं। इस वजह से झील का किनारा मैदान बन चुका है। बढ़ती गर्मी के कारण लोगों को मुख्य रूप से पेयजल संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नेवली झील में कुछ स्थानों पर नाममात्र का पानी बचा है। जिससे पक्षियों के साथ पशुओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। यह वह झील है जिसमें पूर्व में कभी पानी खत्म नहीं होता था। लेकिन इस बार भीषण गर्मी पड़ने के कारण झील का पानी सूख गया है।

### दो पक्षों में मारपीट आधा दर्जन घायल

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पवैयावीरान में शुक्रवार को वैवाहिक समारोह के दौरान टेंट संचालक व गांव वालों के बीच मारपीट हो गई। इसमें आधा दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उमेश की बेटी की शादी थी। उसका आरोप है कि टेंट संचालक कमलेश यादव महिलाओं से छेड़छाड़ कर रहा था। जब वहां मौजूद राजेश, रवि, आलोक और सुनील ने विरोध किया तो वह अपने गांव से 10-12 लोगों को बुला लाया और पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

# डीएम और एसपी ने किया चौकी का लोकार्पण



चौकी का लोकार्पण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र में बनी नवनिर्मित रामनगर मोड़ पुलिस चौकी का लोकार्पण किया। दोनों अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ व प्राकृतिक संतुलन को बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अजय कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 12 वाहनों का चालान, 36 हजार रुपये वसूला जुर्माना



चेकिंग अभियान चलाते एएसपी सीएन सिन्हा, सीओ सिटी जगतराम कनौजिया।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात यातायात प्रभारी रामयतन यादव के नेतृत्व में अलग-अलग थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सघन चेकिंग अभियान चला कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में शहर के पटेल तिराहे पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा, क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया की मौजूदगी में पटेल तिराहे पर वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान प्राइवेट वाहनों पर लगे हूटर, काली फिल्म, प्रेशर हार्न उतरवाया गया। एवं उन वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गये। 12 वाहनों का चालान किया गया। करीब 36 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। हूटर और पुलिस पट्टिका लिखे होने पर भी चालान किया गया।

### बीमारी से अधिवक्ता का निधन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सपा नेता बृजेश मिश्रा के छोटे भाई अधिवक्ता शिवानन्द मिश्रा का बीमारी के कारण डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार की रात निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह नरौली स्थित पैतृक निवास पर पार्थिव शरीर लाया गया। इसके बाद सुबेहा मार्ग के किनारे स्थित पैतृक बाग में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, पूर्व सपा विधायक राम मगन रावत, जिपं सदस्य रामदेव सिंह, कृष्ण कुमार द्विवेदी, भाजपा नेता प्रमोद तिवारी, हरिशंकर शर्मा, ओमप्रकाश, एसपी सिंह, सत्यदेव, मकरंद सिंह, रामानन्द कनौजिया, आशीष अवस्थी आदि ने उनके आवास पहुंचकर शोक जताया।

### तीन हेड कांस्टेबलों को मिली प्रोन्नति



पुलिसकर्मी के कंधे पर स्टार लगाते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** डीएम सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिले की शहर कोतवाली में तैनात तीन हेड कांस्टेबलों को रविंद्र प्रताप यादव, राम नवल बादल व अमर सिंह के कंधे पर स्टार लगाकर उप निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने की बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

### ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन



ग्राम चौपाल में मौजूद बीडीओ। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** विकास खंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत अंदऊमऊ एवं गोसुपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। गोसुपुर में आवास व पेंशन संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुईं। वहीं कन्या सुमंगला से संबंधित एक आवेदन भी प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से शौचालय की मांग जयचंदपुर से आए एक व्यक्ति द्वारा की गई। इसका ऑनलाइन आवेदन कराया गया। आवास से संबंधित मांगों के लिए सचिव को नोट कराते हुए साइट खुलने पर सत्यापन के आधार पर रजिस्ट्रेशन कराये जाने का आश्वासन दिया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर विकास खण्ड– त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024–25 दिनांक – 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बहादुरपुर विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर निट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी.कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित्त की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08/06/2024 से 22/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 23/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते– 1.– आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.– स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.– ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.– निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.– प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9.– आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत बहादुरपुर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद–बाराबंकी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बहादुरपुर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी

**कार्यालय ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ विकास खण्ड– त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024–25 दिनांक – 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर निट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी.कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित्त की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08/06/2024 से 22/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 23/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते– 1.– आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.– स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.– ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.– निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.– प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9.– आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद–बाराबंकी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर विकास खण्ड– त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024–25 दिनांक – 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत रामनगर विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर निट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी.कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित्त की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08/06/2024 से 22/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 23/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते– 1.– आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.– स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.– ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.– निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.– प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9.– आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत रामनगर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद–बाराबंकी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामनगर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेजवापुर विकास खण्ड– त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024–25 दिनांक – 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तेजवापुर विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर निट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी.कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित्त की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08/06/2024 से 22/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत तेजवापुर में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 23/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियम/शर्ते– 1.– आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.– स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.– ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.– निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.– प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9.– आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत तेजवापुर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद–बाराबंकी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेजवापुर
विकास खण्ड त्रिवेदीगंज, जनपद– बाराबंकी

# जल्द अभ्यास करते नजर आएंगे खिलाड़ी

## उम्मीद: 6.31 करोड़ रुपये से संवारा गया है इकलौता पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम




शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम का बनकर तैयार हो रहा खेल ग्राउंड। अमृत विचार

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** परिस्थितियां अनुकूल रही तो अगले दो माह में बहुप्रतिक्षित पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते नजर आएंगे। करीब चार साल से स्टेडियम के संचालन की बांट जोह रहे खिलाड़ियों को 6.31 करोड़ रुपये से पूरी तरह कायाकल्प होकर स्टेडियम मिलने वाला है। मुख्य मैदान में घास कटिंग और समतलीकरण का ही काम शेष बचा है। इसके बाद विभाग को हैंडओवर हो जाएगा।

दो नवंबर 2020 को पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और खेल संघों की मांग पर खेल निदेशक आरपी सिंह से स्टेडियम के जीर्णोद्धार कराने का फरमान सुनाया था। खेल विभाग की ओर से बनाए गए एस्टीमेट में बाउंड्रीवाल, दो गेट, नाली की ड्रेनेज व्यवस्था, वाकर्स पथ, चेंज रूम, तरणताल का मरम्मतीकरण, 50 हजार लीटर की क्षमता पानी का टैंक, 10 हार्सपावर का सबमर्सिबल, बहुउद्देशीय हाल, हैंडबाल मैदान, मुख्य खेल मैदान आदि कार्य शामिल हैं। इसके लिए पहले चार करोड़ 99 लाख 64 हजार रुपये का बजट भी निर्धारित किया गया था। कई बार रिवाइज होने के बाद 6.31 करोड़ तक कार्य की धनराशि बढ़ाई गई। शासन ने यूपी सिडको को कार्यदायी संस्था नामित किया था। स्टेडियम जीर्णोद्धार कार्य की गति धीमी होने के कारण खिलाड़ियों का इंतजार बढ़ता गया। कई बार कार्यदायी संस्था को नोटिस दी गई और काम पूरा करने का समय बढ़ा बढ़ाकर निर्धारित किया गया, लेकिन लापरवाही का आलम यह रहा कि चार साल में भी काम पूरा नहीं हो सका। अब लगभग काम पूरा हो गया हैं। मुख्य मैदान की घास बढ़ गई है। जिसकी कटाई करके मैदान का लेबल सही करने का कार्य शेष है। उम्मीद है कि यह कार्य दो माह में पूरा हो जाएगा।

### अब अगले सत्र से शुरू होगा तरणताल

जीर्णोद्धार कार्य में तरणताल का कार्य ही मुख्य बाधा बना है। अब भी स्वीमिंग पुल में कई कमियां है। इसमें दो तरह की टाइलीकरण, वाटर लेबल सही न होना, छह की जगह पांच लेन का होने समेत कई अन्य कमियां है। इसके लिए कार्यदायी संस्था को नोटिस थमाई गई है। यदि यह कार्य तेजी से किया जाए तो एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। पूरा काम होने के बाद ही विभाग हैंडओवर लेगा।

### विभाग ने नियुक्त किए हैं इन खेलों के कोच

खेल निदेशालय की ओर से हैंडबाल में एनआईएस कोचच प्रवीन कुमार मिश्र को नियुक्त किया है। इस खेल में 25 खिलाड़ी पंजीकृत है। कुश्ती में मारुति नंदन कोच है। इसमें पंजीकृत 30 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। वालीवॉल में प्रदीप यादव प्रशिक्षक है। इस गेम में 40 खिलाड़ी पंजीकृत है। फुटबाल में आशुतोष कुमार एनआईएस प्रशिक्षक है। इस खेल में भी 40 खिलाड़ी पंजीकृत है। खेलो इंडिया का टेबल टेनिस गेम का सेंटर संचालित हो रहा है। इसकी प्रशिक्षक शमा बनो है और 30 खिलाड़ी पंजीकृत है। इसके अलावा तैराकी का प्रशिक्षक खुद जिला क्रीड़ाधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान है। जीवन रक्षक के पद पर पुलक कुमार डे तैनात है। तरणताल को छोड़कर अन्य गेम का कैंप चल रहा है।

### खेल विभाग ने इस तरह निर्धारित की फीस

- बैडमिंटन गेम में 18 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए 560 रुपये सालाना, इसमें 500 रुपये प्रोत्साहन शुल्क और 60 रुपये विभागीय शुल्क
- 18 वर्ष के ऊपर शौकिया खिलाड़ियों के लिए 1000 प्रोत्साहन शुल्क और 350 रुपये मासिक शुल्क निर्धारित है
- बैडमिंटन छोड़कर अन्य गेम के लिए 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए 160 रुपये सालाना, इसमें 100 रुपये प्रोत्साहन शुल्क, 60 रुपये विभागीय शुल्क
- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए शौकिया खिलाड़ियों व स्टेडियम में प्रवेश लेने वालों के लिए 410 प्रति माह शुल्क निधारित है। इसमें 200 रुपये प्रोत्साहन, 200 विभागीय शुल्क और 10 रुपये आवेदन फार्म के लिए देना होगा।

"अब बिना पंजीयन और आईडी कार्ड के स्टेडियम में किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। शासन और डीएम के अनुमोदन के बाद फीस निर्धारित कर दी गई है। कार्य पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को नोटिस दी गई है। काम पूरा होने के बाद दो माह में स्टेडियम हैंडओवर लेने का प्रयास किया जा रहा है। –**सर्वेंद्र सिंह चौहान,** जिला क्रीड़ाधिकारी, सुलतानपुर"

## एक नजर

### गांव का ही युवक किशोरी को लेकर फरार, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** धनपतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि गांव का एक युवक लगातार उसकी बेटी का पीछा करता था। विरोध करने पर गाली देते हुए धमकी दी कि जब चाहूंगा तुम्हारी बेटी को भगा ले जाऊंगा। बुधवार की रात दो बजे युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया। पूछताछ के लिए जब उसके घर गया तो उसके पिता ने कहा कि अपनी बेटी को भूल जाओ। अब वह वापस तुम्हारे घर नहीं आयेगी। धनपतगंज थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### शांति व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार: एसओ

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। निरीक्षक ने बताया कि कुर्बानी के पश्चात अवशेष को गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबा दिया जाएगा। किसी भ्रामक ख़बर की सूचना एवं जानकारी होने पर तत्काल जानकारी दी जाए। शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए जाने का सुझाव दिया।

### युवक पर छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** कूरेभार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि गुरुवार की शाम पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसके घर में घुसकर उसकी बेटी को छेड़ रहा था। चीख पुकार पर आरोपी युवक को पकड़कर थाने लाया गया है। कूरेभार थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ़ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


## कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।

### विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि जनपद न्यायालय, श्रावस्ती परिसर के गेट न0 01 के निकट स्थित खाली पड़ी भूमि को वाहन पार्किंग के रुप में नीलाम किये जाने हेतु सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति कैशियर से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकगण से यह अपेक्षित है कि वे नीलामी हेतु धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती के पक्ष में देय होगा अथवा नकद धनराशि निर्धारित फार्म के साथ संलग्न करते हुए सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 27.06.2024 को सांय 04 बजे तक जमा कर दिनांक 28.06.2024 को सायं 04.30 बजे नीलामी में सम्मिलित हो सकते हैं।

दिनांक 28.06.2024 को सायंकाल 4.30 बजे जनपद न्यायालय, श्रावस्ती के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के अध्यक्ष श्री अमित कुमार प्रजापति अपर सत्र न्यायाधीश श्रावस्ती की अध्यक्षता में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी।

उक्त वाहन पार्किंग स्टैण्ड वित्तीय वर्ष 2024–25 में जुलाई 2024 से मार्च 2025 की नीलामी की धरोहर राशि व न्युनतम नीलामी राशि का विवरण निम्न प्रकार से है–

| क्रम सं0 | स्थल | धरोहर धनराशि | वित्तीय वर्ष 2024–25 के माह जुलाई 2024 से मार्च 2025 हेतु निर्धारित न्यूनतम धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाहन पार्किंग स्टैण्ड | रू0 25,000/– | रू0 1,87,500/– |

नीलामी की शर्ते व नियम निम्न प्रकार से होगें–

01– ठेके की अवधि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए होगी।

02– नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति कैशियर से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकगण से यह अपेक्षित है कि वे नीलामी हेतु धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती के पक्ष में देय होगा अथवा नकद धनराशि निर्धारित फार्म के साथ संलग्न करते हुए सीलबंद निविदा दिनांक 27.06.2024 को सांय 04 बजे तक जमा कर दिनांक 28.06.2024 को सायं 04.30 बजे नीलामी में सम्मिलित हो सकते हैं।

03– नीलामी में सफल ठेकेदार बिजली, पानी तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं स्वयं करेगें।

04– ठेके से संबंधित किसी भी विवाद पर जिला न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

05– नीलामी ठेका पक्ष मे होने पर ठेकेदार को नियमानुसार 100 रूपये के स्टाम्प पर ठेकानामा लिखना होगा, उसे इस संबंध मे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा समय–समय पर पारित होने वाले आदेशों का पालन करना होगा।

06– ठेकेदार ऐसे दो व्यक्ति को जमानतदार के रूप में नाम पतामय आधार कार्ड साथ प्रस्तुत करेगा, जिससे ठेकेदार द्वारा धनराशि जमा न करने पर धनराशि वसूल की जायेगी।

07– प्रत्येक सफल बोलीदाता को ठेके की धनराशि का 25 प्रतिशत प्रथम किस्त के रूप मे तुरन्त जमा करना होगा तथा शेष धनराशि प्रत्येक त्रैमास के प्रथम सप्ताह में जमा करनी होगी।

08– किसी व्यक्ति के पक्ष में नीलामी एक बार स्वीकार करने के उपरान्त निरस्त नही की जायेगी। यदि सफल ठेकेदार नीलामी की प्रथम त्रैमास की किस्त जमा करने के उपरान्त ठेका चला नहीं पाता है तो उसका ठेका निरस्त कर उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

09– ठेका आवंटित होने के उपरान्त ठेकेदार वाहन पार्किंग स्टैण्ड चलाने हेतु आवंटित प्लाट पर ठेका अवधि दिनांक 31.03.2025 को पूर्ण होने पर ठेकेदार स्वयं अपना सामान ठेकेदार स्वयं के खर्चे पर उठालेंगे एवं भूमि का कब्जा प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग को उसी अवस्था मे देंगे जिस अवस्था मे उसे प्रदान किया गया था।

10– सफल बोलीदाता की धरोहर राशि चतुर्थ त्रैमास की किस्त मे समायोजित की जायेगी।

11– आपराधिक व अवांछित प्रवृत्ति वाले, पूर्व मे ठेके की किस्त न जमा करने वाले व्यक्तियों को जमानतीयों की बोली में भाग लेना वर्जित है। ऐसा कोई तथ्य संज्ञान में आने पर जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती द्वारा किसी भी समय बिना नोटिस दिये ठेके को निरस्त किया जा सकता है।

12– प्रत्येक वाहन का पार्किंग स्टैण्ड में खड़े कराने का किराया ठेकेदार द्वारा नजारत अनुभाग को उपलब्ध कराना होगा एवं पार्किंग स्टैण्ड में प्रदर्शित करना होगा।

13– सफल ठेकेदार को ठेका स्वीकृत होने पर जितनी धनराशि का ठेका स्वीकृत हुआ है उतनी ही धनराशि की स्वयं के नाम पर दर्ज चल–अचल सम्पत्ति के दस्तावेज की छायाप्रति नजारत अनुभाग में उपलब्ध करानी होगी।

केन्द्रीय नाजिर से अपेक्षा की जाती है कि नीलामी का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, श्रावस्ती की वेबसाइट पर अपलोड करायें एवं जनसूचना अधिकारी को शासनादेश संख्या 562/उन्नीस –2–2007–1007/74 (टी0सी0) दिनाकिंत 04.07.2007 के आलोक में समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराये तथा नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा करायें तथा जनपद के समस्त नगर पालिकाओं, जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराये।

उक्त ठेका नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार कि जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना के प्रकाशन के उपरान्त नीलामी दिवस से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में 10 बजे से सांय 04 बजे तक नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, श्रावस्ती में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

(अमित कुमार प्रजापति)
अध्यक्ष,
नीलामी समिति/ अपर सत्र न्यायाधीश
जनपद न्यायालय, श्रावस्ती

UP-206129 दिनांक 14.06.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# महिला के पेट में रुई छोड़ने के मामले में विवेचक तलब

संवाददाता, सुलतानपुर

**सीजेएम ने पुलिस रिपोर्ट निरस्त कर पुनर्विवेचना के दिए आदेश**

**अमृत विचार:** ऑपरेशन के बाद पेट में रुई छोड़ने से महिला की मृत्यु हो जाने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने विवेचक को केस डायरी के साथ कोर्ट में तलब किया है। पांच साल पहले के प्रकरण में आभा अस्पताल के डॉ. आलोक सिंह पर लिखी एफआईआर में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। अब कोर्ट के आदेश पर फिर से विवेचना हो रही है।

प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा निवासी कृपा शंकर मिश्र के प्रार्थनापत्र पर एसपी ने 10 अक्टूबर 2019 को एफाईआर लिखी गई थी। आरोप है कि कृपा शंकर मिश्र की पत्नी शीला का हजारों रुपये लेकर आभा अस्पताल के डॉ आलोक सिंह ने 12 अगस्त 2018 को ट्युमर बता कर ऑपरेशन किया था। उसके बाद भी शीला का दर्द बढ़ता गया, तो उसे लखनऊ में डॉ अजय चौधरी को दिखाया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड करने के बाद बताया कि कॉटन व बैडेज पेट में छूटने से प्रॉब्लम हो रही है। दोबारा फिर डॉ आलोक ने ऑपरेशन किया, लेकिन समस्या बनी रही। फिर शीला को मुंबई ले जाकर जेजे अस्पताल में दिखाया तो वहां भी बताया गया कि गलत ऑपरेशन व कॉटन बैंडेज छूटने से इंफेक्शन हो गया जो गंभीर है। उसी वजह से शीला की 27 मार्च 2019 को मृत्यु हो गई। कई बार प्रयास के बाद पुलिस ने एफआईआर तो लिखी, लेकिन उसमें 28 जनवरी 2022 को फाइनल रिपोर्ट लगा दी। उसके बाद न्यायालय ने पुनर्विवेचना के आदेश तो दिए है, लेकिन पुलिस कुछ कर नहीं रही है। कृपा शंकर ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को मॉनिटरिंग प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक को सारे प्रपत्रों के साथ 2 जुलाई को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है।

## बल्दीराय के बीडीओ ने कार्यभार संभाला

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** नवागत खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने बल्दीराय ब्लॉक का कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ राधेश्याम ने क्षेत्र के ग्राम हलियापुर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने मवेशियों की संख्या, भूसा, स्टॉक सहित चारे-पानी की व्यवस्थाओं को परखा। गौशाला की निगरानी के लिए मौजूद चौकीदारों व चरवाहों से बात की। इन्हें जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने प्रधान व सचिव से कहा कि गौशाला का नियमित निरीक्षण करें। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों मारपीट में पांच घायल, क्रॉस केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली के आलापुर गांव के अशोक यादव का संदीप से रंजिश थी। आरोप है कि बृहस्पतिवार की रात विपक्षियों ने लाठी डंडे से जमकर मारा पीटा। जिसमें अशोक यादव, खुशबू, पूनम एवं गजेंद्र को चोटे आई। दूसरे पक्ष के संदीप की तरफ से संदीप को चोट आई। पुलिस ने मामले में क्रास केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## वर्ग पहेली-101

**बाएं से दाएं**

1. 1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।
2. 1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।
5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़
7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।
9. 1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन
10. 1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
3. 1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।
4. शोथ, सूजन।
6. 1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।
8. 1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।



### वर्ग पहेली -100 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कि | | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रँ | ह | च | टा | | ग | |
| | | पि | | 5 गि | ल | 6 न |
| | 7 प | च | मे | ल | | फ़ |
| | रि | | | गि | | सा |
| | षे | | | ला | | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | | | |

## सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | | |
| 5 | | 8 | | 1 | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | | 5 | | | 3 |
| 8 | 9 | | | | | 3 | 7 | |
| 1 | | | 2 | | 9 | | | 4 |
| | 6 | 4 | | | | | 5 | 1 |
| 7 | | | 5 | | | 4 | | 6 |
| | 5 | | | 6 | | 1 | | 7 |
| | | | 3 | | | 8 | | |

### सुडोकू - 13 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02.32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08.14 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

**वृष:** आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

**कर्क:** आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कन्या:** आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे, लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक:** आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु:** आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

**कुंभ:** आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

**मीन:** आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- चाइना गेट — सुबह: 09.46
- कीमत — रात: 07.00

&pictures
- कहो ना प्यार है — सुबह: 10.55
- हिम्मतवर — रात: 07.30

Sony Pix
- मैड मैक्स: फरी रोड — सुबह: 09.35
- जॉन विक: चैप्टर 2 — रात: 09.00

Zee Cinema
- रक्षा बंधन — दोपहर: 12.35
- द रियल तेवर — रात: 08.00

Colors Cineplex
- हीरोज — सुबह: 11.21
- दसवीं — शाम: 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात् ।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै: सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

# सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली




अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

**बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।**

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया, लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए



**कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।**

विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग, मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया, फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।


परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं, उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

## प्रसंगवश

# विकल्पहीनता में विकल्प की आशा

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है, जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी, शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है, परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है, उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके, जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।


विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र, दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे, लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति, यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि, भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है, वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं, बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना, आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

# ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

**अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।**

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है, दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन, जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक-पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर, जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं, अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस, जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ, हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा, जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है, नकारती है, उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं, जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं, उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है, क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

## सोशल फोरम

# सही राह

**अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।**

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है, इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो, लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले'ये विद्या आपने कैसे सीखी'अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

**-फेसबुक वॉल से**

# फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

# भारत में मध्यम वर्ग

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं, जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है, जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है, जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई, सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

## एक नजर

### गौरीगंज में आज जनता की समस्याएं सुनेंगी डीएम

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शनिवार को गौरीगंज तहसील में आयोजित होगा। अमेठी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा तिलोई तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

### जिला अस्पताल में पुलिस चौकी का हुआ गठन

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिला अस्पताल गौरीगंज में पुलिस चौकी का गठन किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस चौकी बनने से अस्पताल में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही चिकित्सकों की सुरक्षा, चोर उचक्कों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस चौकी में उप निरीक्षक महेन्द्र सरोज को चौकी प्रभारी बनाया गया है। साथ ही तीन मुख्य आरक्षी, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल रघुलाल, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार को नियुक्त किया गया है।

### गैंगस्टर एक्ट में तीन लोगों को सजा

**उन्नाव, अमृत विचार।** गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट ने तीन अभियुक्तों को तीन-तीन साल की कैद व और 6-6 हजार जुर्माना लगाया है। अचलगंज के जोजापुर निवासी संदीप, शत्रुघ्न व शिवबरन को अचलगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ विजय कुमार ने जांच कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को गैंगस्टर कोर्ट में एडीजे जयवीर सिंह नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर संदीप, शत्रुघ्न व शिवबरन को दोषी करार दिया।

## 25 से शुरू हो सकती है मानसून की बरसात

**उन्नाव।** बारिश की बाट जोह रहे लोगों को अभी करीब 10 दिन और इंतजार करना होगा। मौसम विभाग ने 25 जून से मध्य यूपी में मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई है। मानसून पूर्वी यूपी से मध्य क्षेत्र के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की धरती की प्यास बुझाएगा। बारिश की सबसे अधिक आवश्यकता कृषि व बागवानी से जुड़े ग्रामीणों को है। एक ओर से जहां सिंचाई मद में खर्च हो रही धनराशि सब्जियों की उत्पादन लागत बढ़ा रही है। वहीं धान की नर्सरी तैयार करने वालों के सामने भी संकट है।

# सफाईकर्मियों की फौज कर रही मौज, गांवों में गंदगी का अंबार


गंदगी से पटी पड़ी नाली।

संवाददाता, शुकुलबाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** लगभग सभी ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की फौज है। शुकुलबाजार विकासखंड में कुल में 62 सफाई कर्मी नियुक्त हैं, इसके बावजूद कस्बे की नालियां बजबजा रही हैं। सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं। मजबूरी में प्राइमरी स्कूलों में साफ-सफाई यहां के छात्र-छात्राएं कर रहे हैं। ब्लॉक के अधिकारियों की मिलीभगत से सफाई कर्मी सार्वजनिक स्थानों पर भी झाड़ू लगाने से परहेज करते हैं।।

क्षेत्र की लचर सफाई व्यवस्था से लोग आजिज आ गए हैं। कहने को तो प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाईकर्मियों की तैनाती है। जिनके वेतन आदि पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च किया जा रहा है, परंतु गांवों को गंदगी से मुक्त न मिलने से शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। अधिकतर ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। ग्रामीण बताते हैं कि इनके दर्शन तक नहीं होता है। कुछ ग्रामीण तो यह भी नहीं जानते हैं कि यहां किस सफाईकर्मी की नियुक्ति है। हरखुमऊ, मवैया रहमतगढ़, एक्का ताजपुर सिधौली, नवाज गढ़, गयासपुर, अहमदपुर महोना पश्चिम आदि ग्राम पंचायत की यही हालत है। क्षेत्र में संचालित हो रहे प्राइमरी स्कूलों का साफ-सफाई भी नौनिहाल कर रहे हैं। बरसात का पानी सड़कों पर बह रहा है। कस्बों में सड़क किनारे कूड़ों का ढेर लगा हुआ है। जिससे इंसेफेलाइटिस व संक्रामक बीमारियां हो रही हैं।सरकारी दफ्तरों की साफ-सफाई भी रामभरोसे है। कहीं-कहीं तो सफाई कर्मियों ने एक हजार रुपये में कर्मी नियुक्त कर रखा है। जिससे बाकायदा सफाई करवाई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने डीपीआरओ को पत्र लिखकर अविलंब व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

> विकासखंड बाजार शुकुल में 62 सफाई कर्मी नियुक्त है 3 लोगों को ऑफिस अटैच किया गया है शेष लोगों को गांव की सफाई व्यवस्था के लिए लगाया गया है अगर सफाई नहीं की जा रही है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अशोक कुमार, एडीओ पंचायत

### ग्राम प्रधान और वीडीओ कर रहे सहयोग

साफ-सफाई न होने से नाराज लोगों का कहना है कि कुछ गांवों में ग्राम प्रधानों से इनकी सेटिंग हो गयी है। तभी तो जिस गांव में सफाई कर्मी काम नहीं करते वहां भी ग्राम प्रधानों द्वारा उनके मस्टररोल पर हस्ताक्षर कर दिया जाता है। वहीं इनके कार्यो के सत्यापन की जिम्मा ब्लाकों में तैनात ग्राम विकास अधिकारी को शासन ने दे रखा है। जो ग्राम प्रधानों से प्राप्त पेरोल के आधार पर सफाई कर्मियों को मानदेय दिलाते हैं।

# 21 को गौशालाओं से लेकर विद्यालयों तक में होगा योग

## 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी।

**अमृत विचार।** 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अब्दुल बारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत सामूहिक योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाना है। एवं 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनपद स्तर पर किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि 15 जून को प्रातः 6 बजे से 7 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगा अभ्यास का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं जन सामान्य द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने सभी तहसीलों, ब्लॉकों, थानों, पुलिस लाइन, अमृत सरोवर, खेल मैदान, पंचायत भवन, गौशाला आदि स्थानों पर भी योगाभ्यास कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सीएमओ को सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर योगा अभ्यास कराने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को योगा अभ्यास कराने के निर्देश दिए। कहा कि 15 से 21 जून तक सभी जगह नियमित रूप से योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा योगाभ्यास के फोटो ,वीडियो आयुष कवच ऐप तथा भुवन योगा ऐप पर अपलोड किया जाए। बीएसए व डीआईओएस को स्लोगन, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि आमजन को भी प्रेरित करें कि योग सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक लोग योगाभ्यास करें। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव मौजूद रहे।

### डीएम ने पौधरोपण की तैयारियों की ली जानकारी

**अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने मानसून में होने वाले पौधरोपण को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों द्वारा पौधरोपण के लिए समय से गड्ढा खोदाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**डीएम व एसपी ने किया ब्लड बैंक का उद्घाटन**

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्वयं भी रक्तदान किया। उपस्थित लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने व उससे होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मस्जिद डाक खाना पर लगवाई पानी की सबील

**गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार।** शुक्रवार को गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले ठंडे पानी की गौरीगंज के सबील जामा मस्जिद डाक खाना मोड़ पर लगाई गई जिससे लोगो ने पानी पीया और गर्मी से राहत पाई । मकामी लोगों ने इस काम को सराहा और हौसला अफजाई की। इस काम से लोगो को राहत पहुंची और पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाने की कोशिश की गई ।इस मौके पर संस्था के जिम्मेदार दावते इस्लामी अमेठी जिला निगरान मौलाना अल्ताब आलम ने बताया कि फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जिसका काम है लोगों की सेवा करना। सर्दी के मौसम में गरीबो बेसहारो को कम्बल बांटना, गर्मी के चिलचिलाती धूप में प्यासों को पानी पिलाना, पौधरोपण के समय मे पौधा लगाना, और हेल्थ की समस्या से परेशान लोगों के लिए हेल्थ कैम्प लगाना, समय- समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाना इसी तरह गरीबो में राशन किट बांटना यह संस्था कार्य है।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के डेहरा गांव में शुक्रवार सुबह की विवाहिता का कमरे के अंदर फंदे से शव लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने पति और सास पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता के अनुसार शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। बीते 16 मई की रात को पति और सास ने महिला की पिटाई की थी। इस संबंध में विवाहिता ने संग्रामपुर थाने में पति और सास पर हत्या के प्रयास व मारपीट की तहरीर दी भी थी।

संग्रामपुर थाना क्षेत्र के डेहरा गांव निवासी कुलदीप तिवारी का विवाह 29 मई 2018 को प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र के गडवारा गांव निवासी ज्योति के साथ हुआ था। शुक्रवार की सुबह ज्योति तिवारी का शव घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। ज्योति के 4 साल का एक बेटा भी है।

बेटी की मौत की सूचना पर पहुंच ज्योति के पिता लाल मणि पांडेय ने पुलिस को बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति व ससुराल वाले बुलेट और पैसों की मांग कर रहे थे। असमर्थता जाहिर करने पर बेटी को प्रताड़ित करते थे। 15 दिन पहले भी पति और सास ने बेटी को मारा पीटा था। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई थी। उसने थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। शुक्रवार सुबह बेटी की ससुराल से पड़ोसियों ने सूचना दी कि उसकी मौत हो गई।

संग्रामपुर थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता की तहरीर मिली है। घटना की जांच पड़ताल व कार्यवाही की जा रही है।

## आज 12 घंटे बंद रहेगी फीडर एक की आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव।** गोकुल बाबा सब स्टेशन में आज (शनिवार) को पांच एमवीए की जगह दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम सुबह से कराया जायेगा। देर रात तक काम चलेन के कारण शुक्लागंज के फीडर एक की बारह घंटे तक बिजली गुल रहेगी। बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता सूर्योदय कुमार ने प्रेस विज्ञिप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गोकुल बाबा सवस्टेशन पर स्थापित 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। इसके चलते फीडर 1 से शुक्लागंज क्षेत्र के जगह सप्लाई सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बंद रखी जायेगी। इस दौरान कार्य कराया जायेगा। फीडर एक के दर्जनों मोहल्लों की 12 घंटे तक बिजली गुल रहेगी।

## राजीव नगर बस्ती उजड़ने के बाद सामान बटोर रहे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गंगाघाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होना है, उसी को लेकर बस्ती के बीच दीवार बनाने का काम कराया जा रहा है। जहां जद में आये आधा सैकड़ा से अधिक कच्चे पक्के मकानों को गुरुवार को आरपीएफ की मौजूदगी में ध्वस्त करा दिया गया था। जिसके बाद शुक्रवार को परिवार अपना सामान बटोरने में लगे हुये हैं। वहीं मकानों की निकली ईंट का एकत्र कर लोग दूसरे स्थान पर ले जाते हुये दिखाई पड़े। इसके अलावा कई परिवार खुले आसमान के नीचे अपना बसेरा बनाये हुये हैं। राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वॉल बनवाने का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है। उधर रेलवे की ओर से राजीव नगर खंती में नोटिस चस्पा की गई थी कि अपने अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो उसे बल पूर्वक हटवा दिया जायेगा। इधर विभाग ने कई मकान बाउंड्री वॉल की जद में आ रहे थे, जिस पर कार्यदायी संस्था की ओर से मुनादी कराई गई थी। जिस पर जद में आने वाले मकानों में रहने वाले लोगों ने अपनी गृहस्थी का सामान निकाल लिया था।

## सार-संक्षेप

### फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन बेचने में गिरफ्तार

**उन्नाव, अमृत विचार।** उन्नाव-लालगंज हाईवे पर स्थित कीमती जमीन को कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से बेचने के लिए एग्रीमेंट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सदर कोतवाली के मोहल्ला पीडी नगर निवासी सौरभ पुत्र सलिल मिश्रा ने 21 दिसंबर - 2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसने उन्नाव - लालगंज हाईवे पर एक जमीन का सौदा किया था। कौशलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम कोरारी कलां थाना अचलगंज ने इसका एग्रीमेंट करते हुए उनसे जमीन के एवज में रुपए लिए थे। बाद में पता चला कि कौशलेंद्र ने और लोगों को भी इसी जमीन का सौदा कर उसके एवज में रुपए ले रखे है। जानकारी पर मालूम हुआ कि उसके पिता पहले जमीन बेच चुके है। बेटे ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे पंजीकरण कर फर्जीवाड़ा किया। पुलिस ने मामले की जांच में आरोपों को सही पाया। शुक्रवार को पुलिस गांव में दबिश देकर कौशलेंद्र को पकड़ा और कोतवाली लेकर कर्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

### बालक को चाकू दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव में ब्यूटी पार्लर की दुकान में बैठे एक बालक की गर्दन पर बदमाशों ने चाकू रख दी। जिसके बाद दुकान के काउंटर में रखी नकदी और मोबाइल लूट कर भाग निकले। घटना की जानकारी पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है। पोनी गांव बाजार निवासी संजय के बेटे रौनक ने बताया कि उसकी बुआ नीलम का गांव के पास ब्यूटी पार्लर है। शुक्रवार सुबह वह ब्यूटी पार्लर मे बैठा था, तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश पहुंचे और रौनक की गर्दन में चाकू लगा काउंटर में रखे चार हजार की नकदी और मोबाइल लूटकर भाग निकले। घटना की जानकारी पीड़ित ने जाजमऊ चौकी पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### नगर पालिका की बोर्ड बैठक आज

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर आज पालिका में चर्चा की जायेगी। वहीं सभासद भी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यों को लेकर बात भी रखेंगे। नगर पालिका गंगाघाट कार्यालय में आज बोर्ड बैठक होगी। जिसके लिये पालिका में तैयारियां की जा रही है। बोर्ड बैठक में नगर के विकास कार्यों पर चर्चा भी की जायेगी। इसके साथ सभासद अपने वार्डों में विकास कराने को लेकर अपनी बात भी रखेंगे। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह 11 बजे से नगर पालिका गंगाघाट के मीटिंग हाल में बोर्ड बैठक आयोजित की जायेगी।

### श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का सुनाया प्रसंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** कंचन नगर बी चल रही भागवत कथा के दौरान शुक्रवार को कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा व्यास ने बखान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गये। कथा को आगे बढ़ाते हुये पं. आशुतोष अवस्थी ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान कृष्ण ने अपने सखा सुदामा को दीन हालत में देखा तो वह बहुत दुखी हुए मित्र प्रेम में तीनों लोकों के मालिक होने के बाद भी सुदामा को अपने सिंघासन पर बैठाकर अपने आंसूओं से ही उनके पैर धो डाले। मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी, मनोरमा बाजपेई, विष्णु दीक्षित, सचिन बाजपेई समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

## केबिल डालने के चलते कई घंटे बत्ती रही गुल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** पश्चिमी क्षेत्र के तिवारी बगीचा में पुरानी एबीसी लाइन पड़ी होने के कारण आये दिन तार टूटने की घटनाएं हो रही थी, जिसे देखते हुये शुक्रवार को नई एबीसी केबिल डालने का कार्य किया गया। सुबह से शाम तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। शुक्रवार सुबह कार्यदायी संस्था तिवारी बगीचा पहुंची। जहां सुबह ग्यारह बजे शट डाउन लेने के बाद पुरानी एबीसी तार खंभों से उतारे। जिसके बाद नई एबीसी लाइन डालने का काम किया गया। इस दौरान सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव निवासी युवक का पड़ोस के गांव की किशोरी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार दोपहर किशोरी ने उसे खेतों पर मिलने बुलाया। जहां वह मिलने पहुंचा। इस दौरान किशोरी के भाई और पिता ने उसे लाठी-डंडों से पीटा और कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है।



बसधना गांव निवासी सहदेव सविता का 22 वर्षीय बेटे आशीष उर्फ बड़कू की पड़ोस के गांव में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी से मित्रता थी। सहदेव ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बेटे को फोन कर खेतों में मिलने के लिये बुलाया गया। बेटा पहुंचा तो वहां मौजूद किशोरी के भाई ने उसे पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए मारा पीटा। विरोध करने पर किशोरी के दो भाइयों और पिता ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान कुल्हाड़ी से कई वार कर दिये। जिससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उन्हें दी। जिस पर वह परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घायलावस्था में उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं पुलिस ने आरोपी किशोरी के पिता को हिरासत में लिया है। एएसपी अखिलेश सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये टीमें गठित की है।


घटना के बाद मृतक के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मौजूद पुलिस।

### अगले महीने होनी थी आशीष की शादी

**शुक्लागंज उन्नाव।** हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव में रहने वाले आशीष की अगले माह उन्नाव में शादी होनी थी, जिसको लेकर घर में तैयारियां चल रही थी। परिजन रिश्मेदार और पड़ोसियों को शादी का कार्ड बांट रहे थे, तभी शादी के 26 दिन पहले आशीष की निर्मम हत्या कर दी गई। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# शान्तिकुंज से आए शक्ति कलश का जोरदार स्वागत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश के अमेठी पहुंचने पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने अमेठी रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया। शुक्रवार को अपरान्ह 11:30 बजे जनता एक्सप्रेस के अमेठी पहुंचने पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि व जयघोष के साथ शक्ति कलश का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राधेश्याम तिवारी, राम शंकर पाठक, गायत्री सिंह, सुभाष चंद्र द्विवेदी, मगन लाल कौशल, त्रिवेणी प्रसाद सिंह, चिरौंजी लाल, डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह, संगीता शर्मा आदि शामिल रहे। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने सर पर कलश रख कर नगर भ्रमण करते हुए गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर कलश की स्थापना की। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह के संयोजन में 10 जून को अमेठी से लगभा 150 परिजन शक्ति कलश लेने शान्तिकुंज के लिए रवाना हुए। युवा समन्वयक डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि 11 जून को श्रद्धेय दीदी जी द्वारा पूजन के पश्चात सायंकाल शक्ति कलश प्राप्त हुआ। अमेठी के सैकड़ों परिजनों ने गाजे बाजे के साथ शक्ति कलश की शोभा यात्रा शान्तिकुंज परिसर में निकाली तत्पश्चात् परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की समाधि स्थल सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा के मध्य में शक्ति कलश स्थापित किया गया। गुरुवार को उत्तर ज़ोन के समन्वयक नरेंद्र ठाकुर एवं युवा प्रकोष्ठ के समन्वयक केपी दूबे ने समाधि स्थल से शक्ति कलश को उठाकर अमेठी के परिजनों को सौंप दिया। डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि 18 से 22 मार्च की तिथियों में अमेठी में 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की सफलता हेतु शान्तिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाया गया है। यह शक्ति कलश चरण बद्ध तरीक़े से अमेठी के हर गांव में पहुंचेगा।

शान्तिकुंज से शक्ति कलश लेकर आने वालों में डॉ. त्रिवेणी सिंह, डॉ. दीपक सिंह, इंद्रदेव शर्मा, रजवंत सिंह, कैलाश सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, डॉ. धर्मेंद्र तिवारी, आचार्य सुभाष शांडिल्य, अनुभव त्रिपाठी, सत्य नारायण सिंह, सरयू प्रसाद, आचार्य सुरेंद्र सिंह, सरिता सिंह, संजय अग्रहरि, कोमल मिश्रा, रोली सिंह, प्रशांत सिंह, प्रज्ञान्स शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।


सिर पर कलश लेकर आते श्रद्धालु। अमृत विचार

# हीटवेव से बचकर रहे जनसामान्य

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा अर्पित गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले पांच दिनों में हीटवेव (लू) चलने की संभावना है। जिसके चलते जन सामान्य लू से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाए।

कहा कि दोपहर में 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें। यदि जरूरी काम से बाहर निकलना पड़ रहा है तो छाता का प्रयोग अवश्य करें। हल्के कपड़े पहनें तथा सिर को ढककर बाहर निकलें। आवश्यकतानुसार पानी की बोतल साथ में रखें। समस्त ईंट भट्ठा के मालिकों, निर्माण कार्यदायी संस्थाओं से अपेक्षा है कि श्रमिकों को दोपहर में 12 से 4 बजे तक काम न कराएं बल्कि प्रातःकाल एवं सायंकाल काम कराने का प्रयत्न करें। कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए छायादार व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना बहुत जरूरी है। क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। तरल पदार्थों के साथ-साथ मौसमी फल तरबूज, ककड़ी, खीरा आदि का सेवन अधिक करें। मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी उतना ही महत्वपूर्ण है अतः आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वह पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबंध करें तथा पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखेंगे। धूप में खड़े वाहनों में बच्चो एवं जानवरो को न छोड़े और बाहर निकलते समय सर को कैप या कपड़े से ढ़क कर रखें। तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें अथवा सूर्योदय या सूर्यास्त के बाद करें। कॉफी, शराब,सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें यह शरीर को डिहाइड्रेट करते है। साफ़ पीने योग्य पानी का अधिकतम प्रयोग करने के साथ नींबू -पानी, छाछ अथवा लस्सी आदि का प्रयोग करें। किसी भी तरह की बेचैनी, सिर दर्द या शरीर का तापमान बढ़ने पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें जहां पर हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध है।

# रंजिश में युवक को मारी गोली, मौत

## होली पर दो पक्षों में हुआ था विवाद, बारा थाना क्षेत्र के भेलांव गांव में हुई घटना

संवाददाता, बारा/नैनी, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** तीन महीने पहले होली पर हुए विवाद की आग सीने में सुलग रही थी। जिसको लेकर शुक्रवार की सुबह एक बार फिर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ी और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अवैध असलहे से फायरिंग कर दी। जिसके चलते युवक जमीन पर गिर पड़ा। वहीं हमलावर मौके से भाग निकले। आनन-फानन में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना बारा थाना क्षेत्र के भेलांव गांव में शुक्रवार सुबह की है।



मनीष मिश्र (फाइल फोटो)

जानकारी के मुताबिक भेलांव निवासी मनीष मिश्र (28) पुत्र संतोष मिश्र एक प्रॉपर्टी डीलर के ड्राइवर थे। गांव के ही राजेश पांडेय पुत्र श्यामाकांत पांडेय एक मनीष पाण्डेय के बीच पिछले 3 महीने पहले होली पर किसी बात को दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिससे दोनों पक्षों में आये दिन तनाव बना रहता था। शुक्रवार की सुबह मनीष अपने पिता के साथ खेत में नर्सरी लगाने की तैयारी कर रहा था। उस दौरान राजेश वहां पहुंचा और विवाद शुरू कर दिया। राजेश और मनीष के बीच बहस हो रही थी। इसी बीच राजेश ने अवैध असलहे से मनीष पर फायरिंग कर दी। जिससे मनीष को तीन गोली लगी। गोली हांथ, कंधे और सिर में लगी। जिससे वह जमीन पर खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। उधर, हमलावर मौके से भाग निकले। साथ में रहे पिता ने शोर मचाया तो मौके पर ग्रामीण भी पहुंचे और मनीष को आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घरवालों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। मृतक के पत्नी सहित दो पुत्री और एक पुत्र हैं। मृतक दो भाईयों में बड़े थे। घटना के बारे में थाना प्रभारी बारा विनोद कुमार ने बताया की दोनो पक्षों में पुरानी रंजिश थी। होली के समय पर विवाद हुआ था। कुछ प्रार्पटी का विवाद भी सामने आया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है। जल्दी गिरफ्तारी की जाएगी।



हत्या का बाद मौके पर पहुंचीं डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय। अमृत विचार

### मनीष ने पुलिस को पहले ही बताया था जान का खतरा

तीन माह पूर्व हुए विवाद के बाद मनीष ने बारा थाना पर जान का खतरा बताते हुए शिकायत भी की थी। जिसमें पुलिस ने शन्ति भंग में दोनों पक्षों को पाबंद किया था। इसके अलावा राजेश के लाइसेंसी बंदूक को थाने पर जमा करा दिया था।

### क्रिमिनल माइंड का है आरोपी

मनीष को गोली मारने वाला आरोपी राजेश क्रिमिनल माइंड का है। उसने गलत संगत के चलते अपनी कई सम्पत्तियों को बेच दिया है। तीन महीने होली दोनो के बीच हुए विवाद के बाद मामला सुलझ गया था। लेकिन राजेश के सीने में खुन्नस की आग सुलग रही थी। जिसको लेकर राजेश ने मनीष को गोली मार दी।

> दोनों के बीच पुराना विवाद था। उस विवाद में दोनों परिवार में सुलह हो गयी थे। सभी अपने अपन काम करते थे। राजेश नशे का आदि था। उसने नशे के कारण अपनी प्रार्पटी को बेच डाला। उसके दिमाग में क्या चल रहा था। जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दे दिया। फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है।
>
> –श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय, डीसीपी यमुनानगर

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

**▸▸ जसरा स्टेशन पर महिला मजदूर, नैनी स्टेशन में वृद्ध और उत्तरी लोकपुर में अधेड़ की मौत**

**अमृत विचारः** यमुना नगर में महिला समेत तीन ने दम तोड़ दिया। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लोगों की मानें तो अधिक गर्मी के कारण यह मौतें हुई हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं है।

बिलासपुर के चौढा थाना पाली निवासी बबलू धनुहार अपने परिवार समेत ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने आया था। वह ट्रेन से उतरने के बाद प्लेटफार्म संख्या दो में रुका था। अचानक उसकी पत्नी सुनीता 35 जो मजदूरी करती थी, की तबियत खराब हो गई और उसने वहीं दम तोड़ दिया। महिला का परिवार गरीब था, इसलिए जीआरपी चौकी प्रभारी नैनी ने अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद की। जंक्शन स्टेशन नैनी के प्लेटफार्म एक पर शुक्रवार सुबह वृद्ध का शव मिला। रेलवे स्टेशन नैनी से मोमो मिलने पर उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज चौकी प्रभारी जीआरपी नैनी मय हमाराह घटनास्थल पर पहुंचे और अज्ञात पुरुष के शव की शिनाख्त के लिए आसपास के यात्रियों, दुकानदारों एवं ई-रिक्शा चालकों आदि से प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। इसके बाद मौके की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दक्षिणी लोकपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम अधेड़ गंभीर हालत में मिला। चौकी प्रभारी अरैल ने उसे इलाज के लिए सीएचसी चाका भेजा। जहां से उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वरूपरानी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी भी पहचान नहीं हो सकी है।

### विधवा पेंशन के लाभार्थी अपने खाते का बैंक से आधार अपडेट करायें

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान आधार बेसड प्रणाली के अन्तर्गत किया जायेगा। उन्होने विधवा पेंशन योजना के समस्त लाभार्थियों से अनुरोध किया है कि जिन लाभार्थियों के बैंक खाते में आधार सीडिंग (एनपीसीआई) नहीं हुआ है वे अपने खाते का बैंक से आधार सीडिंग अपडेट कराना सुनिश्चित करें, जिससे पेंशन का भुगतान आसानी से कराया जा सके।

# खनन करने वाले के खिलाफ लेखपाल ने दर्ज कराया केस

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

**अमृत विचारः** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सरकारी भूमि जेसीबी मशीन से खनन करने वाले माफिया के विरुद्ध एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल संजीव उपाध्याय ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

क्षेत्र के गलरा गांव में अवैध रुप से जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन करने वाले अमित केसरवानी को दो दिन पूर्व एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल संजीव उपाध्याय मौके पर पहुंचे तो अवैध खनन करने वाले माफिया ने लेखपाल के साथ अभद्रता किया, जिस पर लेखपाल ने इसकी सूचना एसडीएम लालगंज को दिया एसडीएम लालगंज ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को सूचना देने के बाद एसडीएम लालगंज ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर खननकर्ता गड़बड़ा राजा गांव निवासी अमित केसरवानी के विरुद्ध ड्रमंडगंज थाना में तहरीर देकर लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा व खान अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। बताया जाता है कि गलरा गांव के आराजी नंबर में बिना अनुमति के जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन खननकर्ता गड़बड़ा राजा गांव निवासी अमित केसरवानी द्वारा किया खनन किया जा रहा था इससे पहले 10 जून को खनन रोकने पर जेसीबी मशीन मालिक अमित केसरवानी द्वारा वाद विवाद करते हुए अभद्रता किया गया। सरकारी चक मार्ग को जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

# जमीन को लेखपाल ने कराया कब्जा मुक्त

**मछलीशहर, जौनपुरः** सिउरा में ग्राम सभा की जमीन को अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा किया गया था, जहां राजस्व टीम की मौके पर पहुंच कर कब्जा को मुक्त करा दिया। सिउरा में बंजर खाते की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके रहे लोलारख दूबे पुत्र दंगल दूबे के द्वारा कब्जा किया जा रहा था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को दी। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एक टीम गठित की गयी। मौके पर पहुंचकर राजस्व टीम ने कब्जा की हुई जमीन को खाली करा दिया। लेखपाल अम्बिका गौतम व जयशंकर यादव ने लोलारख दूबे को हिदायत दिया गया कि जल्द से जल्द बंजर खाते की जमीन पर से पाटी गयी मिट्टी को तत्काल हटा कर जमीन को मुक्त कर दे।

# हादसे में जीजा की मौत, साली गंभीर

संवाददाता, प्रतापगढ़

**▸▸ अनियंत्रित स्कार्पियो ने पीछे से बाइक में मारी जोरदार टक्कर**

**अमृत विचार :** कालेज से साली की परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहे अधेड़ की बाइक में पीछे से स्कार्पियो सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक समेत सवार उछल कर दूसरी पटरी पर चले गए।अनियंत्रित स्कार्पियो भी दूसरी पटरी पर चली गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल जीजा-साली को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजा गया। जहां अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उसकी साली को गंभीर हालत में एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कोतवाली नगर के पूरे पितई करनपुर, पूरे नरसिंहभान निवासी 50 वर्षीय अवधेश पाल पुत्र रामानंद पाल की साली की बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा चल रही थी। शुक्रवार को पीबीपीजी कालेज सिटी में बीएड का अंतिम पेपर था। वह 25 वर्षीय अपनी साली को कालेज से बाइक से लिवाकर घर लौट रहे थे,जैसे ही विकास भवन मोड़ सगरा दलान के पास पहुंचे पीछे से आई अनियंत्रित स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक उछलकर दूसरी पटरी पर चली गई,साथ ही स्कार्पियो भी दूसरी पटरी पर चली गई। स्कार्पियो सड़क के दाहिनी पटरी पर नीम के पेड़ से भिड़ गई,जिससे उसका दाहिना टायर फट गया। स्कार्पियो चालक को भी हल्की चोटे आई है। टक्कर के बाद अवधेश व उनकी साली गिरकर तड़पने लगी। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस व पुलिस को कॉल किया। करीब 20 मिनट तक कोई नहीं पहुंचा तो मीराभवन निवासी भाजपा नेत्री माधुरी सिंह के बेटे आयुष सिंह अपने कार से स्थानीय लोगों की मदद से युवती को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। अवधेश को लोग ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी एम्बुलेंस आ गई। उपचार के दौरान अवधेश की सांसे थम गई। जबकि युवती को चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर सिविल लाइन चौकी इंचार्ज सतीश यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस पहुंचने के पहले लोगों ने स्कार्पियो चालक को हटा दिया। चर्चा रही कि स्कार्पियो चालक स्थानीय किसी का सम्बन्धी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि यूपी 70 डीआर 9135 नम्बर की सफेद स्कार्पियो को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। चालक की तलाश की जा रही है,अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने देखी जेल की व्यवस्था

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिला जज अब्दुल शाहिद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना तिवारी, डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से जेल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ दुरुस्त मिला।

जिला जज ने महिला बन्दी बैरक में बने सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया। बैरक कक्ष का निरीक्षण कर विचाराधीन महिला बन्दियों से जानकारी प्राप्त कर उपस्थित महिला बन्दियां के बच्चों को खाने की सामग्री दिए। जिला जज, डीएम आदि ने पुस्तकालय का निरीक्षण कर पुस्तकों का अवलोकन किया गया। निरूद्ध किशोर बन्दियों से मिलकर उनके अपराध और उनकी आयु के सम्बन्ध में जानकारी ली। अस्पताल के निरीक्षण में वहां भर्ती नौ मरीजों के स्वास्थ्य एवं दवाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता को देखा। जिला जज ने जेल में कार्यरत पीएलवी से उनके कार्यो के बारे में जानकारी ली। बैरकों का निरीक्षण कर कैदियों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण में कोई आपत्तिजनक वस्तुयें बरामद नही हुई। जेल अधीक्षक ने बताया कि कुल 849 बन्दी जेल में निरूद्ध है,जिसमें 187 सिद्धदोष व 662 विचाराधीन है। जिला कारागार के कन्ट्रोल रूम कक्ष, लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर अजय कुमार, चिकित्साधिकारी प्रवीण रंजन, डिप्टी जेलर आफताब अहमद अंसारी, ध्रुव नारायण, शारदा देवी, फार्मासिस्ट केसरी नन्दन उपस्थित रहे।



सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते जिला जज अब्दुल शाहिद व डीएम संजीव रंजन।

**▸▸ महिला बन्दी बैरक में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का किया उद्घाटन**

# जरूर करें रक्तदान, यही है एकजुटता की पहचान

संवाददाता, प्रतापगढ़।

**▸▸ सीएमओ ने ब्लड बैंक की तरफ से रक्तदानियों को किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को ब्लडबैंक में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। वहीं कई बार रक्तदान करने वालों को मेडिकल कालेज की तरफ से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने कहा कि सभी को रक्तदान जरूर करना चाहिए,यह एकजुटता की पहचान है। रक्तदान करने से नया खून शरीर में बनता है। उन्होंने जिन लोगों को सम्मानित किया गया उनमें 72 बार रक्तदान करने वाले भोला सिंह, 63 बार रक्तदान करने वाले सरदार मंजीत सिंह, 48 बार संजय पांडेय, 27 बार पवन नंदन भट्ट के साथ ही कृपालु धाम मनगढ़, संत निरंकारी, जेडी इंस्टीट्यूट समेत 26 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सीएमओ व मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी सीएमएस डा. आरके पांडेय, डा.मनोज खत्री, डा. सचिन कुमार, डा.पवन, डा.शुभम आदि रहे। संचालन विशाल ने किया। ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर दीपिका केसरवानी ने सभी का स्वागत किया। मां गायत्री सेवा ट्रस्ट व भाजयुमो के संयोजन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अंशुमान सिंह, नितीश श्रीवास्तव, विक्रम, अतुल शोलू, सर्वेश, चंद्र प्रताप, योगेश त्रिपाठी आदि लोगो ने रक्तदान किया। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने भी रक्तदान किया।रक्तदाताओं को रक्तदान संस्थान का प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र शुक्ल,ज्ञानेंद्र शुक्ल, कविता दुबे, हरिकेश कुमार पांडेय, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य आदि मौजूद रहे।




विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान करते भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह।

# पंचायत मित्र की हत्या में प्रधान सहित 5 गिरफ्तार

संवाददाता, मिर्जापुर।

**▸▸ पुलिस ने किया खुलासा, कार और पिकअप बरामद**

**अमृत विचारः** जिले के थाना लालगंज में वादी संजय कुमार मौर्या पुत्र किशुन प्रसाद मौर्या निवासी लहंगपुर थाना लालगंज मिर्जापुर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के भाई राजीव कुमार मौर्या की षड़यंत्र के तहत वाहन से दुर्घटना कर मृत्यु कारित करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देश दिये गये। निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए थाना लालगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित पांच अभियुक्त रामनरेश मौर्या पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मौर्या निवासी मड़वा नेवादा, कोठी थाना लालगंज, दिनेश मौर्या पुत्र बेचु प्रसाद मौर्या, शिवकुमार पुत्र श्यामनारायण, संतोष कुमार मौर्या पुत्र सत्यानारायण मौर्या निवासीगण डांगरकेरी थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर, सतीश मौर्या उर्फ मौर्या पुत्र रामआसरे मौर्या निवासी रामगढ़ थाना बलुआ जनपद चन्दौली को अंतर्गत धारा 302, 201, 34 भादवि में गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बोलोरो व महिन्द्रा बरामद कर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

### रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिले के सरपतहां थाना क्षेत्र के अरसिया बाजार में दुकानदार से 5 लाख रंगदारी मांगने के मामले में दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जानकारी के अनुसार अरसिया तिराहे पर असलम पुत्र मुसीबत की मेडिकल स्टोर की दुकान है। गत 7 जून की शाम थाना क्षेत्र के भुसौड़ी निवासी विक्रान्त सिंह उर्फ गप्पू पुत्र मटरु सिंह तथा चन्दन दूबे मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर 5 लाख रंगदारी की मांग करने लगे। पीड़ित ने दोनों युवकों द्वारा कई बार रंगदारी की मांग करते हुए मारने की धमकी भी दी जाने लगी तो पीड़ित ने इसकी लिखित सूचना थाने पर दी। पुलिस मामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 386 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कुसुम योजना से किसानों को कम खर्च में बिजली

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** डबल इंजन की सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए कई तरह से प्रयास कर रही है। किसान सिंचाई के लिए डीजल पंप या बिजली का उपयोग करते हैं। किसानों की सिंचाई की लागत को कम करने के लिए पीएम कुसुम योजना वरदान साबित हो रही है। प्रयागराज जनपद में इस योजना ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया करने के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी लक्ष्य तय करने के बाद रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तेज हो गई है।

सरकार इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश के 54,000 से अधिक किसानों को रियायती दरों पर सौर पंप प्रदान करने का लक्ष्य तय किया गया है। पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों पर सोलर पैनल लगाने से सरकार की ओर से 90 फीसदी तक की मदद मिलती है। योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से किसानों को 30 फीसदी, राज्य सरकार की तरफ से 30 फीसदी और अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से 30 फीसदी की सब्सिडी दी जाती है। इस तरह योजना में सिर्फ 10 फीसदी ही किसानों को देना होता है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ये है कि किसानों का बिजली और डीजल का खर्च नहीं होता है और बिजली के ऊपर निर्भरता भी कम होती है। इससे खेती की लागत काफी हद तक कम होती है। इसके लिए किसान को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसका ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसान इससे पैदा होने वाली सौर ऊर्जा बेचकर भी कमाई कर सकता है। सोलर पंप का उपयोग सिर्फ खेती और सिंचाई में ही नहीं बल्कि बिजली उत्पादन में भी किया जा सकता है। इस योजना के जरिए बिजली या डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप को सोलर एनर्जी से चलने वाले पंप में बदला जा सकता है। इसके बाद जो भी बिजली बचती है उसे वितरण कंपनियों को बेचा जा सकता है। इस तरह इस योजना से एक तरफ उसकी अतिरिक्त आमदनी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ डीजल का उसका खर्च भी कम हो रहा है।

# ट्रेन में मिला बालक, आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया

**नैनी, अमृत विचार :** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत शुक्रवार को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष प्रयागराज से प्राप्त सूचना के आधार पर गाड़ी संख्या 11801, वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रयागराज एक्सप्रेस के इंजन की तरफ से चौथे जनरल कोच में एक अज्ञात नाबालिग बच्चा सोया हुआ है, जिसे रेलवे सुरक्षा बल ने नैनी स्टेशन पर उतार लिया। पूछताछ करने पर नाबालिग ने अपना नाम प्रदीप पुत्र भारत, निवासी लोहगरा बताया। मोबाइल नंबर दिया, जिस पर उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा नाबालिक प्रदीप को चाइल्ड लाइन प्रयागराज से सुपरवाइजर विमल कुमार को सुपुर्द कर दिया।

## सार-संक्षेप

### आरोपियों की गिरफ्तारी को अवर अभियंताओं का प्रदर्शन



एसडीओ से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन करते अवर अभियंता।

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** दो दिन पूर्व बिजली चेक करने गए एसडीओ समेत विद्युत कर्मियों से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से अवर अभियंता संघ में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश जूनियर इंजीनियर संघ के बैनर तले पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए,कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान एसडीओ वीरेंद्र मौर्य, एसबी प्रसाद,ओपी गुप्ता सहित विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

### मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार, तीनों के पैर में लगी गोली

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** कोहंडौर में पुलिस ने सर्राफा कारोबारी से लूट करने वाले बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। तीनों लुटेरों के पैर में गोली लगी है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने लुटेरों के पास से सोने के आभूषण,तीन तमंचा, मोबाइल बरामद किया है। अमेठी जनपद के ज्ञानीपुर के रहने वाले महेन्द्र कसौधन कोहड़ौर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर बाजार में आभूषण की दुकान है।वह गुरुवार शाम दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। अकारी पट्टी के पास दो पल्सर सवार पांच बदमाशों ने 25 हजार नगदी समेत लाखों के आभूषण से भरा झोला व आभूषण लूट लिया था। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आठ घंटे के भीतर लुटेरों का पीछा किया, मुठभेड़ के बाद तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान, अरबाज व नदीम के रूप में हुई। तीनों का राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### तपती धूप में कई किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है पानी

**संवाददाता, कोराव/ नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** जनपद के दक्षिणांचल मध्य प्रदेश की सीमा से सटा हुआ तहसील कोराव के कई गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस भीषण गर्मी और तपती दोपहर में कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। बड़ोखर, हडिया, मानपुर, संसारपुर, बैठकवा, देवघाट, बेलहट, बेलवनिया, जमुहरा, लाटीपुर, महुली, पियरी, बेलहट, बभनपट्टी, बरहुला कला, पैतिहा, केडवर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में पेयजल जल संकट पूरी तरह से गहरा चुका है। बावजूद इसके तहसील स्तर के अधिकारियों को समस्या दिखाई नहीं पड़ती। इस संबंध में तहसीलदार कोरांव राजेश कुमार पाल ने बताया कि अभी 10 गांव जमुहरा, लतीफपुर, महुली, बेलहट ,बड़ोखर, बभवन पत्ती, बरहुला कला ,बेलवानिया, पैतिहा, केढ़वढ के लिए जनपद स्तर से 10 टैंकर के लिए पत्राचार किया जा चुका है, किंतु अभी तक टैंकर तहसील में मुहैया नहीं हो सके। लगातार प्रयास कर रहा हूं कि जल्दी टैंकर मिल सकें, जिन्हें जरूरत मन्द गांवों में सबसे पहले भेजा जा सकें।

### किशोर की हत्या में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज



अजय गुप्ता (फाइल फोटो)

**संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** लाई चना का ठेला लगाने वाले किशोर की गला रेतकर बेरहमी से हत्या के मामले में एक नामजद सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी अखिलेश गुप्ता के 17 वर्षीय पुत्र अजय गुप्ता की गुरुवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। वह लाई चना भूनकर ठेले पर बेचता था। गुरुवार की शाम वह कुम्हीआइमा बाजार में ठेला लेकर गया था। घर से करीब एक किमी दूर मऊहरिया के पास उसका लाई चने का ठेला मिला तो लोगों में अनहोनी की आशंका बढ़ गई। खोजबीन में जुटे लोगों को रात करीब 9 .30 बजे पूरे भगवत अधिया की बाग में अजय गुप्ता का शव पड़ा मिला। उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को अजय गुप्ता की तहरीर पर सेमरा गांव के विशाल पुत्र सोहन लाल व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया की तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की छानबीन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाए गई हैं।

### शिविर में एनसीसी कैडेटों को दिया फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते एनसीसी कैडेट्स।

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** 18 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में बीबीएस इंटर कालेज बरना में एनसीसी कैडेटों का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शुक्रवार को कैडेटों को फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। 10 जून से शुरू हुआ शिविर 19 जून तक चलेगा। इसमें 390 बालक व 204 बालिकाएं सैन्य तकनीक सीख रही हैं। कर्नल एके सिंह कमान अधिकारी व ले. कर्नल एलबी सिंह के नेतृत्व में 25 सैन्य कर्मचारी प्रशिक्षण दे रहे हैं। सभी कैडेटों को बारी-बारी से छोटे हथियारों से फायरिंग कराई गई। अपने जीवन में मिले इस अवसर पर सभी कैडेट विशेषकर बालिकाएं पूरे उत्साह से लाभ उठा रहे हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य थल सेना दिवस, गणतंत्र दिवस परेड के लिए प्रतिभाशाली कैडेटों का चयन करना है। शिविर में कैप्टन पवन प्रकाश द्विवेदी, ले. माया राम, ले. मनोज कुमार सिंह, अवधेश कुमार गुप्ता,राकेश तिवारी आदि सहयोग कर रहे हैं।

### प्रधान प्रतिनिधि ने फायरिंग कर गांव में फैलाई दहशत

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बाबागंज ब्लाक के भरतगढ़ गांव के प्रधान सुनील यादव हैं। गांव के विकास कार्यों की देख-रेख अंकित मिश्र उर्फ गोलू करते हैं। वह स्वयं को प्रधान का प्रतिनिधि बताते हैं। गुरुवार को प्रधान प्रतिनिधि गोलू मिश्र सरकारी तालाब की खोदाई करने के लिए बुलडोजर लेकर कुंदन का पुरवा फतेहशाहपुर गांव पहुंचे, जहां पर लोकापुर भरतगढ़ गांव निवासी अमर बहादुर सिंह ने मशीन से तालाब खोदवाने से मना कर दिया। इस पर गोलू ने कहा कि अभी तो मैं जा रहा हूं, लेकिन कुछ देर बाद अंजाम भुगतना पड़ेगा। इसके बाद प्रधान प्रतिनिधि गोलू अपने दर्जन भर साथियों के साथ गांव पहुंचा और कई राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाना शुरू कर दी। पुलिस ने मौके से तीन कारतूस के खोखे बरामद किए हैं। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि द्वारा गांव में घूम-घूम कर हवाई फायरिंग करने को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। संग्रामगढ़ एसओ सत्येंद्र भदोरिया ने बताया कि दोनों पक्षों ने जानलेवा हमले की तहरीर दी है। जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शाही ईदगाह में 8 बजे होगी ईद उल अजहा की नमाज

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** नगर के मछलीशहर पड़ाव पर स्थित शाही ईदगाह परिसर में 17 जून सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) पर अदा की जाने वाली विशेष नमाज सुबह 8 बजे पढ़ी जाएगी। हजरत मौलाना अब्दुल जाहिद सिद्दीकी नमाज अदा कराएंगे। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद शोएब ने कहा कि इस्लाम के नियम के अनुसार व यूपी सरकार की मंशा के अनुरूप लोग अपने जानवरों की कुर्बानी खुले मैदान व गली मोहल्ले में न करके पर्दे के अंदर करें। प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी करना इस्लाम के सभी धर्मगुरुओं ने हराम बताया है। कुर्बानी के बाद उसके अवशेष को यथा स्थान गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाय और खुले में किसी भी प्रकार के अवशेष को न फेंका जाये, ताकि अगल बगल मोहल्ले के दूसरे लोगों को परेशानी ना हो। यह जानकारी कमेटी के मीडिया प्रवक्ता रियाजुल हक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### नवचेतना एफपीओ निवेश से व्यवसाय का करेगा विस्तार

**संवाददाता, सीखड़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** विकास खण्ड अन्तर्गत सीखड़ ग्राम पंचायत में स्थित नव चेतना एफपीओ के द्वारा 4 .5 करोड़ के निवेश से नव चेतना एफपीओ विकास खण्ड में वर्मीकम्पोष्ट, नीम ऑयल, नीम केक का व्यवसाय करेगा। जैसा कि नव चेतना एफपीओ को उत्तर प्रदेश सरकार से उत्कृष्ट एफपीओ पुरस्कृत द्वितीय स्थल नवचेतना कृषक उत्पाद संगठन को किया गया है। जलवायु अनुकूल तथा नवाचार उद्यम को विकास खण्ड सीखड़ सहित प्रदेश के जिलों में प्रथम बार मीरजापुर और सोनभद्र के 1277 किसानों के साथ उनके रोजगार समृद्धि हेतु कार्य करता रहा है। वहीं नव चेतना के सीईओ मुकेश पांडेय ने बताया कि नवचेतना के अच्छे कार्यों को देखते हुए देश के नामचिन कंपनियों व वित्तीय संस्थाओं का निवेश मिलना शुरू हो गया है। सीईओ ने बताया कि इस पैसे से नीम तेल की तीन यूनिट, माइक्रो कोल्ड स्टोरेज के 13 यूनिट और वर्मी कंपोस्ट का विस्तार करते हुए 5 लाख कुंतल प्रति वर्ष उत्पादित होगा। उक्त उद्योग से कुल 130 लोगों को स्थाई रोजगार प्राप्त होगा, जलवायु संरक्षण तथा कृषि उत्पादों का उपयोग बढ़ेगा।

**आज का मौसम**

मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

44.0° अधिकतम तापमान | 30.5° न्यूनतम तापमान

# नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा कार्यालय घेरा, प्रदर्शन

## 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को स्थानांतरित कर ढाई सौ मीटर लंबा नया मार्ग बनवाने का मामला ▶ पुलिस की मौजूदगी में अधिशासी अधिकारी से नोकझोंक

मसौधा,अयोध्या



नगर पंचायत भदरसा कार्यालय पर हंगामा करते लोग।



अधिशासी अधिकारी के घेराव के दौरान पहुंची पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा का शुक्रवार दोपहर नगरवासियों ने घेराव कर दिया। जिला व नगर पंचायत प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उनको जानकारी मिली थी कि नगर पंचायत प्रशासन नगर क्षेत्र में दक्षिणी सीमा तमसा नदी के किनारे से दशक पूर्व से संचालित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को स्थानांतरित कर करीब 250 मीटर लंबा नया मार्ग बनवा रहा है। जिसमें कई लोगों के खेत मार्ग की चपेट में आ रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंच कर काम भी ठप कर दिया।

घेराव व प्रदर्शन की जानकारी पर पूराकलंदर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की अधिशासी अधिकारी से तीखी नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन कर रहे सभासद प्रेम बाबू मौर्य, समरजीत पुरुषोत्तम मौर्य ज्ञान चंद्र साहू रामकृष्ण पांडे, राजू गुप्ता, संजीव व अलकक्षेंद्र गुप्ता आदि ने अधिशासी अधिकारी इंद्र प्रताप को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि दशक पूर्व से संचालित साधु-संतों की धार्मिक आस्था की डगर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को खंडित न किया जाए। तत्काल निर्माण कार्य रोका जाए। मांग पर उचित विचार के आश्वासन पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

### हंगामे पर बोले अधिशासी अधिकारी

नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के अधिशासी अधिकारी इंद्र प्रताप ने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग कब से व किधर से संचालित होता रहा है, इसकी उनको जानकारी नहीं है। पैमाइश में पड़ोसी खातेदार की जमीन कम पाये जाने व शिकायत पर राजस्व निरीक्षक रवींद्र वर्मा सहित कई लेखपालों की मौजूदगी में पैमाइश कराने पर पुराना इंटरलॉकिंग मार्ग करीब 250 मीटर अलग प्रतीत हुआ। जिस पर सीमांकन की जगह चिह्नित कर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन अगले दिशा निर्देश के लिए उप जिलाधिकारी सोहावल को भेजा जाएगा। लोगों का आक्रोश देख सड़क निर्माण का काम रुकवा दिया गया।

### प्रदर्शनकारी बोले- करोड़ों की जमीन का खेल

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का मामला साधु-संतों की आस्था की डगर से जुड़ा है। परिक्रमा मार्ग का सौंदर्यीकरण और सीमेंट की इंटरलॉकिंग का कार्य भी मौजूदा अध्यक्ष के पिता स्वर्गीय मोहम्मद अहमद जो तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष रहे उनके द्वारा कराया गया था। जो कई दशक पूर्व का मामला है। मार्ग को खंडित कर उन्हीं के बेटे जो मौजूदा अध्यक्ष मोहम्मद राशिद द्वारा पुनर्निर्माण में 84 कोसी मार्ग को बदलकर नया रास्ता बनाने की तैयारी की गई है। जो सरासर अन्याय है। पुनर्निर्माण मार्ग में दर्जनों गरीब दलित और पिछड़ों की जमीनें प्रभावित हो रही है। मांग की गई है कि 84 कोसी मार्ग को स्थानांतरित करने से रोका जाए।

### लेखपाल के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के आदेश

उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि दशक पूर्व से संचालित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को खंडित नहीं किया जा सकता। इंटरलॉकिंग सहित मार्ग के सौंदर्यीकरण में सरकारी राजस्व लगा हुआ है। मामले में मौजूदा लेखपाल की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होने की दशा में लेखपाल आकाश सिंह के विरुद्ध निलंबन की पत्रावली तैयार करने के लिए तहसीलदार को आदेश दिया गया है।

> नगर पंचायत भरतकुंड में पैमाइश के उपरांत सीमांकन की जगह पर नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा प्रशासन द्वारा नए मार्ग के निर्माण कराए जाने का विरोध करने का मामला संज्ञान में आया है। हालांकि वह 84 कोसी परिक्रमा मार्ग है। यह बात संज्ञान में नहीं लाई गई थी। मामले की गंभीरता से जांच कराई जायेगी। तब तक के लिए काम रुकवा दिया गया है। -अशोक कुमार सैनी, उप जिलाधिकारी सोहावल

## एक नजर

### बालिका फुटबॉल टायल आज

अयोध्या। अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय सहारनपुर में 19 जून से आयोजित होने वाली प्रदेशीय अंडर-19 जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या मंडल टीम चयन के लिए मंडलीय ट्रायल शनिवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि जिला बालिका फुटबॉल ट्रायल सुबह नौ बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर दो बजे होगा।

### ईद-उल-अजहा की तैयारी तेज

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : ईद-उल-अजहा (बकरीद) की तैयारियां तेज होने के साथ ही कई जगह कुर्बानी के जानवरों की खरीद-फरोख्त जोरों पर है। इस बार बकरा मंडी के अलावा बकरों की बिक्री व्हाटसअप के माध्यम से ऑनलाइन भी हो रही है।

# बंद नहीं हुआ टोल का बाई पास रास्ता, सुरक्षा में लग सकती सेंध

सोहावल, अयोध्या



रौनाही टोल के चोर रास्ते से गुजरते वाहन (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** लखनऊ अयोध्या हाईवे एनएच 27 पर बने रौनाही टोल प्लाजा का बना बाई पास रास्ता अब तक बंद नही हुआ। यह राम मंदिर की सुरक्षा में सेंध साबित हो सकता है। चौबीस घंटे में प्रतिदिन तीन से चार हजार चार पहिया वाहन टोल बचाने के लिए इस चोर रास्ते से गुजरते है। राम मंदिर की सुरक्षा भी इसी हाईवे से जुड़ी है। जहां पुलिस की जांच पड़ताल के लिए सुरक्षा कर्मी तैनात रहते है।

टोल से पश्चिम करीब 400 मीटर पहले दक्षिणी ओर बनी जिला पंचायत की पक्की सड़क पूरे देवी तिवारी पुरवा को जाती है। इसी के मध्य में टोल के पूरब से निकल कर आई एक सड़क बाईपास के रूप में इस सड़क को जोड़ती है। जो टोल से बचने वाले वाहनों के आने जाने वाले मार्ग के रूप में प्रयोग की जा रही है। इस चोर रास्ते पर आने जाने वाले वाहन सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन ही रहे है और कुछ की जान भी ले चुके है।

> तीन से चार हजार वाहन इस मार्ग से रोज गुजर रहे हैं। काफी राजस्व की क्षति हो रही है लेकिन सार्वजनिक मार्ग होने से हम नही बंद कर पाते है। प्रशासन अनुमति देगा तो हम प्रबंध कर देंगे।
> –एसएस सिकरवार, टोल प्रबंधक

# प्रधान को जान से मारने की धमकी दो लोगों पर केस

रुदौली, अयोध्या। **अमृत विचार:** थाना पटरंगा के सिठौली के ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी देने पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना पटरंगा के ग्राम सिठौली के प्रधान शिवसरन यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया हैं कि गुरुवार को मियां के पुरवा चौराहे से रात आठ बजे घर लौट रहा था। रास्ते में सिठौली गांव के अखिलेश आए और उनकी मोटरसाइकिल पर एक अज्ञात व्यक्ति भी बैठा था। अखिलेश भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब लोग इकट्ठा होने लगे तो जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी बाइक को छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि ग्राम प्रधान शिवसरन यादव की तहरीर पर अखिलेश व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# न हारती न निराश करती है अयोध्या : डॉ. दिनेश शर्मा

अयोध्या कार्यालय



महंत नृत्य गोपाल दास के समक्ष श्रद्धा निवेदित करते पूर्व उप मुख्यमंत्री। अमृत विचार

▶▶ **मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव समारोह में बोले पूर्व उपमुख्यमंत्री**

**अमृत विचार :** अयोध्या जागती है और यह नगरी कभी सोती नहीं है। अयोध्या कभी हारती नहीं है और कभी किसी को निराश नहीं करती। इसलिए जो भी आया है वह राम का हो गया, और राम सबके हैं। ये बातें शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं। वो श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86 वां जन्मोत्सव में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं उन भाग्यशाली व्यक्तियों में से हूं जिसे प्रतिवर्ष महाराज का जन्मोत्सव में आने का सौभाग्य मिलता है। राम मंदिर आंदोलन के समय कुछ लोगों के साथ काम करने का अनुभव था और जब भी अयोध्या में आंदोलन के दौरान या प्रदर्शन के संदर्भ में आना होता था तो पूज्य महाराज श्री नृत्य गोपाल दास जी के मणिराम छावनी एक ऐसा क्षेत्र था जो सब कुछ संरक्षण भी देता था और भोजन भी देता था। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान महाराज परमहंस रामचंद्र जी और महाराज नृत्य गोपाल दास दो ऐसे संत रहे हैं जिन्हें पूरा विश्व सम्मान की दृष्टि से देखा है आज उनके 86 जन्मोत्सव पर पूज्य संतों का समागम है। इससे पूर्व मणिराम दास छावनी की कथा मंडप में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के सभी साधु संतों ने मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास को जन्मोत्सव की बधाई दी। दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामानंदाचार्य जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सप्त दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। महाराज जी आज अयोध्या ही नहीं संपूर्ण विश्व के पर्याय हैं। जिन्होंने श्री राम जन्मभूमि और श्री कृष्ण जन्मभूमि के लिए अपने जीवन को पूर्णत समर्पित कर रखा है।

जिनकी साधना और तपस्या भली भाती सभी सामाजिकों को अवगत है और वैष्णो समाज में ही नहीं सभी संत समाज में लोग बड़े ही मनोयोग से स्वागत करते हैं। कार्यक्रम में जबलपुर के महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, महंत भरत दास, तिवारी मंदिर के महंत मेयर गिरीश पति समेत सैकड़ों की संख्या में अनुयाई भी मौजूद रहे।

# टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय



हनुमानगढ़ी पर दर्शन करने पहुंची अभिनेत्री रश्मि देसाई।

**अमृत विचार :** टीवी सिनेमा पर शानदार लुक्स के लिए पहचानी जानी वाली अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को प्रभु राम के दरबार पहुंची। जहां उन्होंने प्रभु रामलला के दर्शन किया और इसके बाद वह सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं के साथ लाइन में लगकर हनुमान जी का भी आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ज्यादा आध्यात्मिक हूं। पूजा पाठ ज्यादा पसंद करती हूं। प्रभु राम का दर्शन कर मन प्रफुल्लित हो गया है।

कहा कि मंदिर को बहुत अद्भुत और भव्य बनाया गया है। यहां आने के बाद अलग ही पावर की अनुभूति होती है। कहा कि 500 वर्ष के बाद प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजमान हो चुके हैं। इसका श्रेय किसी को नहीं जाता। प्रभु राम की मर्जी से ही सब कुछ होता है, हम बस एक माध्यम है। इतना ही नहीं जो शक्ति मिलती है वह सभी को नहीं मिलती और जिसको मिली है वह सब जान रहा है।

# नीट और इंद्रेश के बयान के बचाव में उतरे मंत्री

**अयोध्या। अमृत विचार:** प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि पिछली सरकारों में जिस तरह से भर्तियों में गड़बडी की, उसको यूपी में सीएम योगी और केंद्र में पीएम मोदी ने सुधारा है। वह शुक्रवार को सरकिट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे गिरोह हैं जो लगातार गड़बड़ी करते थे आज नए तरीके से गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि सख्त कानून बनाएंगे। जिससे ऐसे लोगों को सजा मिल सके। कहा कि नीट की परीक्षा हो या फिर सिपाही की। सीएम यूपी एसटीएफ, सीआईडी, इंटेलिजेंस को लगाते हैं ताकि परीक्षा की सुचिता कमजोर ना हो, जो भी पेपर लीक हुए, हमारी एजेंसियों ने पकड़ा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रही है, आरएसएस नेता इंद्रेश के बयान पर कि भाजपा को घमंड हो गया था। इस पर बोले कि आरएसएस और भाजपा दोनों परिवार मिलकर इस पर काम कर रहा है। हम लोगों को इस बात पर गर्व है कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश ने निर्णय लिया। जहां पर वोट कम मिला, उसकी हम समीक्षा कर रहे हैं। कहा कि राम लला के मंदिर निर्माण से 500 साल इंतजार पूरा हुआ। यह सांस्कृतिक गौरव की बात है। सीएम योगी से किए जा रहे अयोध्या के विकास में अपना योगदान करें।

# गुरु बनने के लिए पहले शिष्य बनना पड़ेगा : असीम अरुण

अयोध्या, कार्यालय

▶▶ **विकसित भारत के संकल्प के साथ कंपनी सचिवों का दो दिवसीय सम्मेलन में बोले समाज कल्याण मंत्री**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह संकल्प उन्होंने खुद नहीं लिया है बल्कि पूरे देश के सहयोग के विश्वास के साथ लिया है। इसको पूरा करने का दायित्व हम सबका है। फिर से विश्व गुरु बनना है तो हमें पहले शिष्य भी बनना पड़ेगा। ये बातें शुक्रवार को समाज कल्याण मंत्री व पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने कहीं। वो शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में भारतीय कंपनियों के सचिवों का दो दिवसीय 25वां वार्षिक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आप सब कंपनियों के नीति नियंताओं को ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे केवल सामाजिक और पर्यावरण स्थिरता न बनी रहे बल्कि इसमें उत्तरोत्तर सुधार हो। साथ ही कंपनियों को बी कार्प सर्टिफिकेशन की तरफ भी ध्यान देना चाहिए और इसकी शुरुआत अपने कर्मचारियों से प्रारंभ करना चाहिए। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कंपनियों की नीतियों के निर्धारण में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन का ध्यान रखने तथा निगमीय सामाजिक दायित्व (सीएसआर) में लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही उसके प्रभाव के मूल्यांकन की वकालत की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि सचिव की भूमिका पौराणिक और वैदिक काल से रही है। रामचरित मानस, महाभारत और पुराणों में सचिव की भूमिका के कई वर्णन मिलते हैं। इस सम्मेलन में देश भर के 400 सचिवों और संगठन के पदाधिकारियों की ओर से लक्ष्य के सापेक्ष कार्ययोजना तैयार की जाएगी और साल भर की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### विवि की 21 जून की सम सेमेस्टर परीक्षा अब 23 को होगी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के चलते अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 21 जून को होने वाली परीक्षाओं की तिथि परिवर्तित की है। अब यह परीक्षा 23 जून को अपने निर्धारित केन्द्रों पर कराई जायेगी। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने शुक्रवार को परिवर्तित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 21 जून को विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के समस्त प्रश्न-पत्र की परीक्षा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की वजह से अब यह परीक्षा 23 जून रविवार को निर्धारित केन्द्रों पर होगी।

### जिला व मंडलीय तैराकी ट्रायल आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में उप्र तैराकी संघ के समन्वय से 20 जून से सिद्धार्थनगर में आयोजित होने वाली बालक-बालिका जूनियर व सबजूनियर प्रदेशीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए जिला व मंडलीय ट्रायल शनिवार को होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होने वाले तैराकी ट्रायल के जूनियर ग्रुप-1 में 15-17 वर्ष, ग्रुप-2 में 12-14 वर्ष तथा सबजूनियर ग्रुप-3 में 10-11 वर्ष आयु केबालक व बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसमें फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, इन्डिविजुअल मिडले, रिले मिडले, रिले फ्री स्टाइल के लिए होने वाले ट्रायल में प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम पांच इवेन्ट में प्रतिभाग कर सकता है। जिला स्तरीय ट्रायन सुबह 10 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर दो बजे होगा।

### मंडलीय फुटबॉल ट्रायल में 28 खिलाड़ियों ने आजमाई किस्मत



मंडलीय फुटबॉल ट्रायल के प्रतिभागी खिलाड़ी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय मऊ में 19 जून से प्रदेशीय अंडर-19 जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रदेशीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या मंडल की टीम चयन के लिए शुक्रवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में मंडलीय चयन ट्रायल का आयोजन हुआ। इसके पूर्व हुए जिला ट्रायल में अयोध्या के 17 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 13 खिलाड़ी मंडलीय ट्रायल के लिए चयनित किए गए। वरिष्ठ फुटबॉल कोच शकील अहमद सहित जिला फुटबॉल संघ के सचिव सज्जाद हुसैन व संयुक्त सचिव राजीव यादव ने खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट व खेल प्रदर्शन के आधार पर आकलन किया। चयन ट्रायल में अयोध्या के 13, अंबेडकरनगर के तीन, अमेठी के तीन, सुलतानपुर के चार व बाराबंकी के पांच खिलाड़ियों ने टेस्ट दिया। खिलाड़ियों ने स्किल टेस्ट व खेल प्रदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा सहित खिलाड़ी व चयनकर्ता मौजूद रहे।

### एक शाम शोहदा-ए-वतन के नाम से मुशायरा में दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रात्रि उर्दू बचाओ तहरीक और आजाद एजूकेशनल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में कारी नदीम फैजी निवास स्थान मोहल्ला हस्नू कटरा में एक शाम शोहदा-ए-वतन के नाम से परिचर्चा और मुशायरा आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी मुहम्मद इस्हाक़ ख़ान ने कहा कि मौलवी अहमद उल्लाह शाह को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके अधूरे सपनों को साकार करने वाले बनें। मुख्य अतिथि इरफान उल हक अंसारी ने मौलवी साहब को महान स्वतंत्रता सेनानी और देश भक्त बताया। मुजम्मिल फ़िदा ने संचालन करते हुए कहा कि मौलवी साहब की सच्ची पैरोकारी करनी चाहिए। शुभारंभ हाफिज मुईनुद्दीन अंसारी की नात ए पाक से हुआ। इस अवसर पर मौलाना अहमद आरिफ़ हस्सान, मास्टर इरशाद रब्बानी, फारूक फैज़ाबादी, नीरज सिन्हा आदि ने शायरी के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। नशिस्त में काजी निहाल उद्दीन, शकील खान और बब्लू भाई शामिल रहे।

**मौसम की मार** | सामान्य रूप से जिले में बना हुआ है 44 डिग्री सेल्सियस का तापमान, 14 दिनों में 13 दिन रही सर्वाधिक हीट वेव

# रामनगरी में हीट वेव ने तोड़ा 10 सालों का रिकॉर्ड

अयोध्या कार्यालय





तपिश के दौरान मुंह ढ़क कर स्कूटी से जाते लोग एवं धूप से बचने को चेहरा ढके निकली युवती।

**अमृत विचार :** मध्य अप्रैल से शुरू हुआ गर्मी का वेग मई माह पार कर अब प्रचंड रुप ले चुका है। सड़कों पर आग बरसा रहे सूरज ने तपिश से जनजीवन बुरी तरह से बेहाल कर दिया है। जून के पहले पखवाड़े में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। हीटवेव ने 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में दिन का तापमान लगातार 44 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

वहीं इस महीने में अब तक 14 दिनों में 13 दिन हीटवेव जैसे हालात रहे हैं। यह 2014 के बाद हीटवेव के सर्वाधिक रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है। गुरुवार को अधितकम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सूरज की तपिश के कारण बेतहाशा गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो रहे हैं। दोपहर में सड़क पर निकले लोग या धूप में काम करने वालों की हालत बिगड़ जा रही है। हीट स्ट्रोक के मामले भी बढ़ गए हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। जून माह में बारिश का महीना होने के बाद भी दूर-दूर तक कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। जून माह के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। तापमान अधिक होने की वजह से लोगों के सिर से पांव तक पसीना टपक रहा है। जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री रहा। आर्द्रता 19 प्रतिशत रही। दिन में हवा की गति भी 13 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चल रही है। तापमान के चढ़ने के साथ हवा के झोके लू बनकर ऐसा तड़पा रहे हैं कि घर के बाहर निकलने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

### 14 दिनों में दूसरी बार हुआ दर्ज 45 डिग्री सेल्सियस तापमान

अयोध्या में 14 दिन में दूसरी बार तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया। इससे पहले 31 मई को दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंचा था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार 138 सालों में अयोध्या में इतनी गर्मी इससे पहले नहीं पड़ी। मौसम विभाग ने फिलहाल अभी राहत की संभावना से इंकार करते हुए बताया है कि लू के कारण भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। भीषण गर्मी के कारण मजबूरी में ही लोग घर से निकल रहे हैं। अनुमान है कि आने वाले दो से तीन दिनों में जिले का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### नगर निगम ने जारी किया अलर्ट

नगर निगम अयोध्या की ओर से भी शुक्रवार को अलर्ट जारी कर दिया गया है। मैसेज में लू-तापघात की सूचना देते हुए कहा गया है कि बहुत आवश्यक न हो तो धूप में कदापि न निकले। घर से खाली पेट बिल्कुल न निकलें, पानी खूब पिएं। इसके अलावा अन्य सावधानी बरतने की सलाह स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जा रही है।

### अभी दूर-दूर तक बारिश के कोई संकेत नहीं

आचार्य नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्रा बताते है इस वर्ष दूसरी बार दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस हो गया है जो सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। बताया इसी के साथ न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा रहा है। इसलिए रात में भी गर्मी परेशान कर रही है। जब तक बरसात का मौसम नहीं शुरू होगा। तब तक तापमान गिरने का नाम नहीं लेगा। उन्होंने बताया फिलहाल 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने एवं हवा सामान्य गति से पश्चिम की तरफ चलने की संभावना है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के कारण अभी लू जैसी स्थितियों से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,992.77 | 23,465.60 |
| बढ़त | 181.87 | 66.70 |
| प्रतिशत में | 0.24 | 0.29 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# मलिहाबाद के दशहरी का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

## बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए आम को गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

- **1.5 टन का आर्डर मिला, आज निकलेगी पहली खेप**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद**

**अमृत विचार:** अब फलों के राजा दशहरी आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।



हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद आम को सुखाता कर्मचारी। • एजेंसी

**रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे दशहरी का स्वाद,** **निर्यातकों के हाथ आए आर्डर:** मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया जर्मनी को निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है।

### इस तरह बढ़ाई जाती है आम की गुणवत्ता

1. सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
2. एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
3. फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं व चेपी निकाली जाती है।
4. इसके बाद हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
5. कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
6. बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम को ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।
7. इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

# मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5% रहने की उम्मीद

**कोलकाता, एजेंसी**

- **रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने लगाया अनुमान**

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। क्रिसिल ने कहा-मानसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है। जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है।

रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है। हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार के अच्छे पूंजीगत व्यय के बावजूद, राजकोषीय समेकन के कारण इसके पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि से वस्तु निर्यात में वृद्धि बाधित हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**
चॉदी 999 (प्रति किलो) 90,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 73,500
गिन्नी (प्रति नग) 54,800-55,000

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 88,000
चांदी तैयार 89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 72,200
सोना जेवरात गिन्नी 71,200
चांदी पक्की 875 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 72,500
चांदी आभूषण 89,000।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नई सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

इससे पहले, विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, सात जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया।

## एडब्ल्यूएस ने की जेनएआई स्टार्टअप के लिए कोष बनाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। इसका मकसद एशिया-प्रशांत और जापान (एपीजे) क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। एडब्ल्यूएस ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए चयनित जेनएआई स्टार्टअप व नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

# मई में निर्यात 9% बढ़कर हुआ 38 .13 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सरकारी आंकड़ों के अनुसार व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर पहुंचा**

भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।



आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था।

समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछली बार अक्टूबर 2023 में यह 31.46 अरब अमरीकी डॉलर रहा था। अप्रैल 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था जो अप्रैल 2023 में 41.96 अरब डॉलर था।



# एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

## रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति



रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।

### विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।



विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्वी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान अधिकारियों से हाथ मिलाया और देश की समुद्री सीमाओं का निरीक्षण किया। • एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3 .40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

## कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

# उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ लोग गिरफ्तार

**उज्जैन (मप्र), एजेंसी**

- **पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को



गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

# उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**एल्गार परिषद मामला**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।



न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

## बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।


एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।



# नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी**

**मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे**



तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

# कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी**



भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। कप्तान रोहित शर्मा के

**मुकाबला : रात 8 :00 बजे**

साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ और सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा।

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।



**मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे**

## बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

### अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान पर

**बेलमोंट (अमेरिका)।** अदिति अशोक मेइजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

### एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

### चेन्नईयिन एफसी ने कियान से किया करार

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

**हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)।** जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

# पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा



पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

**20** जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**49** रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी**

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 3 | 3.081 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -2.098 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| युगांडा (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

| पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 18 | 1/0 |
| असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज) | 3 | 2 | 0/0 |
| सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक | 1 | 3 | 0/0 |
| चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद) | 9 | 26 | 0/0 |
| किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर | 27 | 32 | 2/0 |
| नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद) | 0 | 7 | 0/0 |
| आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी | 13 | 19 | 2/0 |
| जॉन करिको नाबाद | 4 | 7 | 1/0 |
| सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज) | 2 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 25, गेंदबाज : फजलहक फारुकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

| अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ | 11 | 7 | 1/1 |
| इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया | 0 | 7 | 0/0 |
| गुलबदीन नईब नाबाद | 49 | 36 | 4/2 |
| अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ | 13 | 18 | 1/0 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 16 | 23 | 1/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाज : आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

# यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

**ओलंपिक क्वालीफायर**

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

# इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद



कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क बुड। ● एजेंसी

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। हालांकि इस दौरान फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### स्कोर बोर्ड

| ओमान 47/10 (13.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर | 5 | 3 | 1/0 |
| कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड | 9 | 16 | 0/1 |
| आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर | 8 | 10 | 1/0 |
| जीशान मकसूद कैच आउट वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद | 1 | 3 | 0/0 |
| अयान खान बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर | 11 | 23 | 1/0 |
| मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद | 0 | 2 | 0/0 |
| फय्याज बट बोल्ड रशीद | 2 | 7 | 0/0 |
| कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद | 5 | 5 | 1/0 |
| बिलाल खान नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाज : रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

| इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल | 12 | 3 | 0/2 |
| जॉस बटलर नाबाद | 24 | 8 | 4/1 |
| जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह | 5 | 7 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 8 | 2 | 2/0 |

अतिरिक्त : 1, गेंदबाज : बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

# पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

## दिमित्रियोस से ईस्ट बंगाल ने किया करार



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा मैं अपनी टीम को हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करने और हमारे समर्थकों को खुशी देने की पूरी कोशिश करूंगा। कोलकाता में मिलते हैं।

# पेरिस ओलंपिक में एकल व युगल स्पर्धा खेलेंगे सिनर



**रोम।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।



पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

### यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

**कीव।** यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।

# तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका ने इसे परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है। ईरान ने उन कासकेड में यूरेनियम का अब तक दो प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्द्धन किया है। ईरान ने यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन किया है।

### प्यार भरी तकरार



नई दिल्ली में गर्मी के दिनों में एक मैना पेड़ पर दूसरी मैना से एक तितली छीनने की कोशिश करती हुई। ● एजेंसी

## एक नजर

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

### नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

**डकार (सेनेगल)।** नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

# प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

## जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे



दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल हुए। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।

### पोप फ्रांसिस जी-7 को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

**बारी (इटली)।** पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

### यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

# रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

# इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

# हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

# माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

## पुणे कार हादसा

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी


पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

# शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।



समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

### अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

# इराकी राजनयिक को स्वीडन ने तलब किया

कोपेनहेगन, एजेंसी

- इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई है मौत की सजा

स्वीडन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके अधिकारियों ने इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई मौत की सजा के विरोध में शुक्रवार को इराक के प्रभारी राजनयिक को तलब किया। स्वीडिश मीडिया ने हाल के दिनों में बताया कि इराक में एक आपराधिक गिरोह के सदस्य की हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद स्वीडन के दो लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी ने शुक्रवार को स्टॉकहोम में विदेश मंत्रालय के हवाले से पुष्टि की कि स्वीडिश पासपोर्ट वाले कम से कम एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने एक बयान में कहा, हम मृत्युदंड सुनाने की निंदा करते हैं। हम परिस्थितियों की परवाह किए बिना सदैव और हर जगह इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके अधिकारियों ने स्वीडन के विरोध से अवगत कराया और मांग की कि मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जाए। 'टीटी' ने बताया कि इराक में एक अपराधी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए स्वीडन के दो अन्य नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। माना जाता है कि इस साल की शुरुआत में हत्या की यह घटना दो स्वीडिश समूहों के बीच गैंगवार से जुड़ी है।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।



### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

## खगोल विज्ञान

### विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

# 65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।



दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

### एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

**नैनीताल :** यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।